RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक
Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.dailypathakpaksh.in) Ph. 01662-313525

# पाठकपक्ष

वर्ष : 36 | अंक : 255
हिसार | बुधवार, 13 दिसम्बर, 2023
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए | पृष्ठ 6







# संसद की सुरक्षा में भारी चूक, कार्यवाही के दौरान स्मोक बम लेकर दर्शक दीर्घा में कूदे 2 शख्स

**पाठकपक्ष न्यूज**

**नई दिल्ली, 13 दिसम्बर :** संसद की सुरक्षा में भारी चूक का मामला सामने आया है। संसद भवन पर हमले की बरसी के दिन आज लोकसभा की सुरक्षा में बड़ी चूक हुई है। बुधवार को लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दो शख्स दर्शक दीर्घा से नीचे कूद गया। सदन में शख्स ने कुछ स्प्रे भी किया। एक आरोपी का नाम सागर बताया जा रहा है। महिला का नाम नीलम बताया जा रहा है। इसके कारण लोकसभा की कार्यवाही को स्थगित कर दिया गया है। हालांकि बाद में दोनों आरोपियों को पकड़ किया गया। दिल्ली पुलिस की आतंकवाद रोधी इकाई विशेष सेल उन लोगों से पूछताछ करने के लिए संसद के अंदर पहुंची, जिन्होंने लोकसभा में सुरक्षा उल्लंघन का कारण बना।



**एक शख्स ने छोड़ी गैस**

इस घटना के दौरान राजेंद्र अग्रवाल चेयर संभाल रहे थे। कार्यवाही में मौजूद सांसदों का कहना है कि दोनों युवकों के हाथ में टियर गैस कनस्तर था। एक शख्स ने गैस छोड़ी, जबकि दूसरा बेंच को ठोक रहा था। ये लोग 'तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे भी लगा रहे थे।

**संसद पर हमले की बरसी के दिन भारी चूक**

संसद पर आतंकी हमले की आज 22वीं बरसी थी। दिन इस तरह की सुरक्षा चूक हैरान कर देने वाली घटना है। इस घटना के बारे में बात करते हुए सांसद सुदीप बंद्योपाध्याय ने कहा कि यह अनुभव काफी डरावना था। बसपा के निलंबित सांसद दानिश अली का कहना है कि दोनों लोगों को पकड़ लिया गया है। वहीं कार्ति चिदंबरम ने इस घटना को लेकर कहा कि यह भारी चूक है।

**दोनों को संसद मार्ग थाने ले गई पुलिस**

बाद में दोनों को कुछ सांसदों ने पकड़ा और फिर सुरक्षा बलों के हवाले कर दिया गया। एक शख्स तो बेंच पर जा चढ़ा और नारेबाजी करने लगा। इस घटना से हड़कंप मच गया। फिलहाल पुलिस दोनों को संसद मार्ग थाने में ले गई है और उनसे पूछताछ की जा रही है। पकड़े गए शख्स का नाम सागर और महिला का नाम नीलम बताया जा रहा है।

### घटना की गहन जांच जारी, घबराने की जरूरत नहीं : बिरला



स्पीकर बिरला ने बताया कि संसद भवन के बाहर से भी दो लोगों को पकड़ा गया है। दोपहर दो बजे सदन की कार्यवाही फिर से शुरू होने पर सदन को जानकारी देते हुए लोकसभा स्पीकर बिरला ने बताया कि जो घटना शून्य काल के समय घटित हुई थी, उस घटना की लोकसभा अपने स्तर पर संपूर्ण जांच कर रही है और इस संबंध में दिल्ली पुलिस को भी आवश्यक निर्देश दे दिए गए हैं। ओम बिरला ने कहा कि हम सबकी चिंता थी कि वह धुआं क्या था? तो, अभी तक प्रारंभिक जांच में वह सामने आया है कि वह धुआं साधारण और सनसनी फैलाने वाला धुआं था, इसलिए यह धुआं चिंता का विषय नहीं है, इसकी प्रारंभिक जांच कर ली गई है। सदन में विपक्षी सांसदों द्वारा चर्चा की मांग पर बिरला ने कहा कि घटना की प्रारंभिक जांच अभी जारी है और अंतिम जांच में तथ्यों को सामने आने के बाद वह सदन को तथ्यों से अवगत कराएंगे।

# हरियाणा में फिर से भाजपा की सरकार बनेगी : रणबीर गंगवा



डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा अपने निवास पर लोगों की शिकायतें सुनते हुए।

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 दिसम्बर :** हरियाणा में लोकसभा की 10 की 10 सीटें भाजपा जीतेगी और राज्य में भाजपा फिर से अपनी सरकार बनाएगी। यह दावा डिप्टी स्पीकर रणबीर सिंह गंगवा ने आज विशेष बातचीत में किया। उन्होंने धारा 370 पर सुप्रीमकोर्ट के फैसले का समर्थन करते हुए कहा कि इस एतिहासिक फैसले से कश्मीर में विकास होगा और आतंकवाद खत्म होगा। वहां शांति स्थापित हो रही है और जनता खुशहाली की तरफ बढ़ रही है। दुर्भाग्य की बात है कि कांग्रेस पार्टी ने इसके खिलाफ अपने वकील सुप्रीमकोर्ट में खड़े किये। परंतु न्यायालय ने सरकार के ऐतिहासिक फैसले पर मुहर लगा दी। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए चुनावों के परिणाम ने बता दिया है कि केंद्र में भाजपा की सरकार पहले से भी ज्यादा मजबूती से बनेगी।

एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि जनसंवाद व संकल्प यात्राओं के माध्यम से जनता को सभी सरकारी योजनाओं के बारे में अवगत करवाया जा रहा है। इस यात्रा को जनता का बहुत समर्थन प्राप्त हो रहा है। हरियाणा सरकार ने 600 करोड़ रुपये खर्च करके गरीब परिवारों को बीपीएल के द्वारा लाभ पहुंचाया है।

क्या आप इस बार लोकसभा का चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं? इस प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि पार्टी हाईकमान जैसा चाहेगी वैसा ही मैं करूंगा। चाहे विधानसभा का चुनाव हो या लोकसभा का चुनाव अथवा पार्टी संगठन का कार्य। पार्टी का आदेश मानूंगा।

## हांसी में चोरों ने तोड़े बंद घर के ताले, 12 तोला सोना-50 हजार नगदी ले गए

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 13 दिसम्बर :** हांसी की आदर्श कॉलोनी में बंद घर में घुसे चोर 12 तोले के करीब सोना और 50 हजार रुपए के करीब कैश चोरी कर ले गए। परिवार मथुरा घूमने गया था। जब घूमकर परिवार वापस लौटा तो चोरी का पता चला। जिसके बाद पुलिस को शिकायत दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल का जायजा लेने के बाद जांच शुरू कर दी है।

## नैशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट एथलैटिक मीट के लिए जिला चैम्पियनशिप 17 दिसंबर को महावीर स्टेडियम हिसार में

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 दिसम्बर :** लड़के और लड़कियों के वर्ग की जिला स्तरीय नैशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट एथलैटिक मीट का आयोजन 17 दिसम्बर को महावीर स्टेडियम हिसार में किया जाएगा जिसमें करीब 250 एथलीट्स के भाग लेने की संभावना है। एथलैटिक हिसार के महासचिव मनोज कड़वासरा व वरिष्ठ सह सचिव राजू कनोह ने आज बताया कि एथलैटिक हिसार के तत्वावधान में होने वाली लड़के और लड़कियों की एक दिवसीय यह प्रतियोगिता अंडर-14 और अंडर-16 वर्ष आयु वर्ग में करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इसमें अंडर-14 वर्ष में 60 मीटर, 600 मीटर, लंबी कूद, ऊंची कूद, बैक थ्रो और किड्ज जैवलिन और अंडर-16 वर्ष में 60 मीटर, 600 मीटर, 80 मीटर हर्डल, लम्बी कूद, ऊंची कूद, जैवलिन थ्रो और पेंटाथलॉन इवेंट्स होंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि विजेता एथलीट्स को प्रदर्शन के आधार पर सीधे नैशनल खेलने का मौका मिलेगा। इच्छुक खिलाड़ी को अपने ओरिजिनल दस्तावेज आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, फोटो और उनकी प्रतिलिपि लेकर सुबह 9.30 बजे आयोजन स्थल पर रिपोर्ट करनी होगी।

## नशातस्करी में महिला सहित 3 लोग दोषी करार दिए, 19 को सुनाई जाएगी सजा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 दिसम्बर :** जिला अदालत ने नशा तस्कर मामले में महिला समेत तीन लोगों को दोषी करार दिया। एडीजे अमित सहरावत की अदालत दोषी अनिल, चरणबीर और मुन्नी को 19 दिंसबर को सजा पर फैसला सुनाएगी। हांसी पुलिस ने तीनों को करीब 16 किलो गांजा के साथ काबू किया था। हांसी पुलिस ने 14 सिंतबर 2019 को तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था।14 सिंतबर 2019 को गुप्त सूचना मिली थी कि पानीपत जिले के गांव नामुण्डा निवासी अनिल खरड़ रोड के पास हांसी के चरणबीर व मुन्नी को गांजा पती देकर जाएगा। सूचना के आधार हांसी पुलिस ने टीम तैयार की और सूचना के आधार पर बताई गई जगह पर पुलिस पहुंची। इस दौरान हांसी रोड समाधा मंदिर की ओर से एक गाड़ी आकर रुकी। करीब 15 मिनट बाद एक बाइक पर एक लड़का वहा आया। इस दौरान गाड़ी में सवार एक औरत व एक व्यक्ति ने गाड़ी में से उतारकर 4 कट्टे लड़के को दिए। इस दौरान आस-पास खड़ी पुलिस ने तीनों को पकड़ लिया था।

## भाई की शादी के कार्ड बांटने गए युवक की हादसे में मौत, खुशियां मातम में बदलीं

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 दिसम्बर :** स्याहड़वा गांव के 19 वर्षीय अंकित की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह बाइक पर बड़े भाई की शादी के कार्ड बांटने भिवानी क्षेत्र में गया था इसी दौरान एक कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। फिलहाल तोशाम थाना पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। 15 दिसम्बर को अंकित के भाई की शादी है। हादसा मंढान के नजदीक झुली चौक के पास उसकी बाइक को एक कार ने टक्कर मार दी जिससे अंकित सड़क पर जा गिरा और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोग उसे हिसार के निजी अस्पताल लेकर गए जहां उपचार के दौरान अंकित की मौत हो गई पुलिस में सोमवार को शिव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया। मौत की सूचना मिलते ही शादी की खुशियां मातम में बदल गई। मिली जानकारी के अनुसार करीब 2 साल पर पहले मृतक अंकित के पिता जयप्रकाश की हार्ट अटैक से मौत हो चुकी है।












# सम्पादकीय..........

## पर्यटकों के साथ गरिमापूर्ण व्यवहार किया जाए

यह तथ्य सकारात्मक ही माना जाएगा कि कोरोना महामारी के दौरान तगड़े झटके झेलने वाला अंतरराष्ट्रीय पर्यटन उद्योग फिर से अपनी रफ्तार पकड़ रहा है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। माना जा रहा है कि कुछ दिक्कतों को छोड़ दिया जाए तो इस साल पर्यटन उद्योग की बेहतर रिकवरी हो रही है। कोरोना के बाद जिस तरह सभी सेक्टरों में सुधार आया है, उसी तरह पर्यटन उद्योग ने भी गति पकड़ी है। हालांकि, इसकी रफ्तार में कुछ बाधा अब भी आ रही है, लेकिन उम्मीद की जा सकती है कि नए साल में पर्यटन सेक्टर बुलंदी को छू सकेगा। भारत पर्यटन सेक्टर को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल कर चुका है। देश में पर्यटन से जुड़ी बुनियादी सुविधाओं का काफी तेजी से विस्तार हुआ है। इसका पर्यटन उद्योग को खूब फायदा मिला है। इससे न केवल विदेशी पर्यटक भारत की तरफ ज्यादा आकर्षित हुए हैं, बल्कि यह सेक्टर देश में रोजगार के भरपूर अवसर उपलब्ध करा रहा है। पर्यटन मंत्रालय की इस साल की रिपोर्ट बताती है कि 61 लाख 91 हजार विदेशी पर्यटक भारत आए। हालांकि यह आंकड़ा कोरोना पूर्व की स्थिति में नहीं पहुंचा है। कोरोना के दौरान पर्यटन उद्योग को लगे झटके को देखते हुए पर्यटन क्षेत्र के विकास में हुई यह वृद्धि काफी संतोषजनक मानी जा सकती है। फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिस तरह के हालात बन रहे हैं, उससे भी पर्यटन उद्योग को धक्का पहुंचा है। पहले रूस-यूक्रेन युद्ध और अब इजरायल-हमास संघर्ष ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पर्यटन सेक्टर की उम्मीदों को झटका दिया है। इन प्रभावित देशों से भारत में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। हालांकि संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन का कहना है कि महंगाई, आर्थिक चुनौतियों और संघर्षों के बावजूद पर्यटन उद्योग नए साल में अपनी पुरानी पटरी पर लौटने की राह पर है। भारत के लिए जी-20 शिखर सम्मेलन ने भी काफी उम्मीदें जगाई हैं। इस आयोजन ने भारत की पहचान में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चार चांद लगाए हैं। माना जा सकता है कि इससे निश्चित तौर पर पर्यटन को लाभ मिलेगा। कहा भी जा रहा है कि पर्यटन सेक्टर में भारत को ढेरों संभावनाएं दिख रही हैं। भारत ने पर्यटन सेक्टर को बढ़ाने के लिए अच्छा माहौल तैयार किया है। ऐसे में उम्मीद की जा सकती है कि आने वाले साल पर्यटन के लिहाज से बेहतर होंगे। इस उम्मीद को यथार्थ में परिवर्तित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के साथ आम जनता को भी अपनी भूमिका निभानी होगी। पर्यटन स्थलों को साफ-सुथरा बनाने पर ध्यान दिया जाए और पर्यटकों के साथ गरिमापूर्ण व्यवहार किया जाए।

# ऐसे लोग कभी आध्यात्म के निकट नहीं रह सकते

-पाठकपक्ष डेस्क-

अध्यात्म लौकिक और पारलौकिक प्रलोभनों से मुक्ति का बल देता है। अध्यात्म वह प्रकाश पुंज है जो हमें अनंत आनंद की अनुभूति करा सकता है। आत्मसम्मान, आत्मसंतुष्टि प्राप्ति की एकमात्र दिशा है अध्यात्म और अध्यात्म का अर्थ है यथार्थ बोध और परमार्थ के लिए प्रचंड पुरुषार्थ। अध्यात्म एक जीवन दृष्टि है, एक विचारशैली है। हमारे अंदर निहित गुणों की संरचना ही हमारा व्यक्तित्व है। व्यक्तित्व को बदलना, परिष्कृत और परिमार्जित करना ही अध्यात्म है। आत्मसंतुष्टि निर्भयता और आनंद की जननी है। जीवन में निर्भयता आनी चाहिए। भय अज्ञान और अविद्या मूलक है जबकि निर्भयता ब्रह्मविद्या मूलक।

जो पापी होता है, अति परिग्रही होता है वह भयभीत रहता है। जो निष्पाप है, परिग्रह रहित है अथवा जिसके जीवन में सतगुण की प्रधानता है वह निर्भय रहता है। निर्भयता सत्य के बिना नहीं आ सकती। जीवन में करुणा से अहिंसा आती है, प्रेम से त्याग और सत्य से अभय आता है। आत्मबल बढ़ाने का एक ही तरीका है कि हम सकारात्मक चिंतन करें। आत्म संतुष्टि के लिए सेवा और परमार्थ आवश्यक है। दूसरों के सुख, सफलता और विकास में अपना सुख देखें। ऐसा भाव मन में पैदा हो कि दूसरों की खुशियां आपको सुख देने लगें, तब आपका दुख खुद मिट जाएगा। सेवा भाव से किए गए कार्य का फल जब दूसरों की खुशी के रूप में आता है तो अपना मन आंतरिक रूप से प्रफुल्लित हो जाता है। इसलिए परहित में किया गया कार्य आत्मसंतुष्टि और निर्विकार आनंद देता है। देह की वासना, मन की तृष्णा और अहं की क्षुद्रता को छोड़ते हुए जब हम अंतरात्मा के पक्ष में निर्णय लेते हैं, तो हमारा आत्म सम्मान हमारे व्यक्तित्व को आत्म गौरव की नई चमक देता है।

**अध्यात्म**

एक चीज और है कि मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु अहंकार है। अहंकार की रुचि दिखाने में होती है। अहंकार विनय को समाप्त कर देता है। अहंकार के बीज को अपने हृदय में पनपने का अवसर ना दें। कामना और अहंकार के त्याग से खुलता है मुक्ति का मार्ग। दया, करुणा, सहानुभूति का भाव उदित होते ही अहंकार गलने लगता है। विश्वास में कमी होने से ही भक्ति में कठिनाई आती है। भगवान ने हमें कर्म करने की ताकत दी है, अकर्तव्य का त्याग करने के लिए विवेक दिया है और विश्वास की शक्ति दी है। यदि हम पूर्ण रूप से स्वयं को ईश्वर में साधने का प्रयास करें तो ईश्वर की अनुभूति अवश्य हो जाती है।

प्रत्येक व्यक्ति सुख चाहता है और सुख प्राप्त करने के बाद भी आत्मसंतुष्टि नहीं होती। आज मनुष्य की कामना सुख प्राप्त करने की ही नहीं, जीवन जीने की भी है और शास्त्र भी इसका उल्लेख करते हैं। शास्त्रों में यह भी निहित है कि मनुष्य सुख के साथ-साथ सम्मान भी पाना चाहता है। मनुष्य को आज स्वयं का भी ज्ञान नहीं है। शास्त्रों में कहा गया है कि जिस दिन मनुष्य को अपना ज्ञान हो जाएगा, उसका जीवन भी सफल हो जाएगा। गीता हमारे सफल, सुखमय और आनंदमय जीवन जीने की मार्गदर्शिका है। यह यथार्थ का बोध कराती है। अध्यात्म का पहला सुख वर्तमान है। वर्तमान को पूरे उत्साह, उमंग, उल्लास के साथ जीने की जरूरत है। वर्तमान ही जीवन है। इससे बढ़कर कुछ भी नहीं। इसे ही ठीक से जीने की आवश्यकता है। जिंदगी को सफल, सुखद और मंगलमय बनाने के लिए आध्यात्मिक होना जरूरी है।

# सुण मौल्लड़ की



**कश्मीर पर पूरे भारत का हक। धारा 370 की समाप्ति पर सुप्रीम कोर्ट की मोहर लगी।**

मोदी नै रच दिया इतिहास।

# कैसा रहेगा आपका कल



**मेष :** नए कार्यों की शुरूआत लाभकारी रहेगी। अनुभवी लोगों का साथ खुशी देगा। धार्मिक आयोजन में शामिल होकर प्रसन्नता होगी।
**वृषभ :** किसी अंजान स्थान पर न जाएं। लोगों द्वारा विरोध संभव है। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय न लें। भगवान विष्णु जी की पूजा करें।
**मिथुन :** परिवार के साथ खुशी भरे पल व्यतीत करेंगे। प्यार के मामले में सफलता मिलेगी। सांझेदारी के कार्यों से लाभ होगा।
**कर्क :** अनावश्यक विवादों से दूरी बनाए रखें। सावधानीपूर्वक कार्य करें, चोट लगने की संभावना। मन में नकारात्मक विचार उत्पन्न होंगे। काली माता की पूजा करें।
**सिंह :** बुद्धि व ज्ञान में बढौतरी होगी। खान-पान संभलकर करें पेट संबंधी समस्या उत्पन्न हो सकती है। संतान को लेकर चिंतित रहेंगे।
**कन्या :** मानसिक तनाव के चलते सेहत बिगड़ सकती है। खुद को विपरीत परिस्थितियों में घिरा पाएंगे। परेशानी में अपनों का साथ हिम्मत देगा। भगवान शिव जी की पूजा करें।
**तुला :** लोग आपके कार्यों की सराहना करेंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। क्रय-विक्रय के कार्य से जुड़े लोगों को लाभ होगा।
**वृश्चिक :** वितीय मामले सुलझने से राहत मिलेगी। बातचीत में नरमी बरतें। महत्वपूर्ण समाचार प्राप्त होंगे।
**धनु :** तनाव दूर होगा। पुरानी बातें भूलाकर नई शुरूआत करेंगे। व्यक्तिगत संबंधों में मधुरता बढ़ने से खुशी होगी।
**मकर :** नए कार्यों की शुरूआत में परेशानी होगी। समय विपरीत है, महत्वपूर्ण फैसला लेने से बचें। कारोबारी सौदे नुकसानदायक हो सकते हैं। भगवान हनुमान जी की पूजा करें।
**कुंभ :** लोगों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापारिक कार्यों में अच्छा लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में अनुकूलता बढ़ेगी।
**मीन :** बेरोजगारों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। मेहनत का लाभ मिलेगा। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
**नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्किट, हिसार (मो. : 94666-69799)**

# भजनलाल शर्मा को राजस्थान का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर जताई खुशी



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 13 दिसम्बर :** श्री बाला जी मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल के संचालक संजीव कौशिक ने भजनलाल शर्मा को राजस्थान का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि राजस्थान की कमान एक योग्य एवं कर्मठ नेता को सौंपकर भाजपा ने लीक से हटकर कार्य किया है। संजीव कौशिक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे ऐसे नेताओं को आगे लेकर आ रहे हैं जो वास्तव में लगनशील, कर्मठ और जुझारू हैं। परंपरा व लीक से हटकर पहले से चलते आ रही परिपाटी से अलग और राजनीतिक नफा नुकसान की परवाह किए बिना ऐसा कदम उठाना राजनीति में एक नए युग का सूत्रपात करेगा जहां एक आम कार्यकर्ता भी सर्वोच्च पद पर आसीन होने की कल्पना कर सकता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में ब्राह्मण चेहरे को प्रदेश की कमान सौंपे जाने पर उन्हें खुशी है तथा यह पूरे ब्राह्मण समाज के लिए गर्व की बात है। इसके लिए हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा के अन्य वरिष्ठ नेताओं का आभार जताते हैं।

# हम क्या है, क्या कर रहे हैं और क्या हम होना चाहते हैं, इसी को तो आत्म निरीक्षण और आत्म चिंतन कहते हैं

-पाठकपक्ष डेस्क-



जीवन में सबसे महत्वपूर्ण काम है, अपने को जानना और अपने आप पर काम करना। यह हम तभी कर सकते हैं जब अपने लिए समय निकाल, अपने अंदर झांके और अपने आप से पूछे, अपने आप से रुबरु हों गुफ्तगू करें तो पता पड़ेगा कि हम क्या सोचते हैं, कैसे कैसे संकल्प करते हैं। कहा जाता है कि आप जो बोएगें वही उगेगा और वही काटेंगे। प्यार बोएगें तो प्यार उगेगा, नफरत बोएगें, नफरत उगेगी, क्रोध बोएगें तो क्रोध ही उगेगा, कर्म करना वास्तव में बीज बोना है। चाहें प्रतिक्रिया रुप में क्रोध किया,उसका फल भी सामने आता ही है क्योंकि बुराई को बुराई से खत्म नहीं किया जा सकता। धम्मपद में आया है 'न हि वैरेण वैराणि शाम्यन्तीह कदाचनः' अर्थात वैर से वैर को कभी शांत नहीं किया जा सकत। ऐसे ही क्रोध से क्रोध को, हिंसा को हिंसा से और घृणा से घृणा को मिटाना असंभव है। यह हमें पक्का कर लेना चाहिए कि मेरे कर्मों के लिए मैं ही जिम्मेदार हूं, संकल्प भी मेरे अंदर उठा और उसको साकार रूप भी मेरी कर्मेंद्रियों ने दिया तो उसका फल भी मुझे ही भुगतना होगा। इसलिए अपने ऊपर गौर करना बहुत जरूरी है। एक बार व्यक्ति अपनी फोटो खिंचवाने के लिए फोटोग्राफर के पास आता है। पुराने जमाने की बात है जब लोग फोटो खिंचवाने के लिए फोटो लेने वालों की दुकान पर जाया करते थे।उस दुकान के बाहर लिखा था, नंबर एक फोटो, दस रुपए, नंबर दो, फोटो बीस रुपए और नंबर तीन फोटो तीस रुपए,पर उनमें कोई फोटो तो लगी नहीं थी। उसने फोटोग्राफर से पूछा कि ये नंबर एक फोटो, नंबर दो फोटो और नंबर तीन फोटो का क्या मतलब है। फोटोग्राफर ने समझाया कि, वह जैसा है,वैसी फोटो चाहिए तो दस रुपए में, बीस रुपए में वह जैसा लोगों को दिखाई देता है और तीस रुपए में जैसा तुम अपने आप को देखना चाहते हो, उस तरह की फोटो खिंचवा सकते हो। तब उसे भले मानस ने पूछा कि अधिकांश लोग किस नंबर की फोटो खिंचवाते हैं। तो फोटोग्राफर ने मुस्कुरा कर कहा,सब तीन नंबर वाली, यानी जैसा सुंदर वह अपने को देखना चाहते हैं। मतलब यह कि जो हम है, वो नहीं, जैसे लोग हमें देखते हैं वो भी नहीं, जो वास्तव में हम अपने आप को देखना चाहते हैं,उस तरह की फोटो खिंचवाते हैं। पर अफसोस कि हम जो यथार्थ में जीवन में बनना चाहते हैं, उसके लिए प्रयास नहीं करते। यह तभी संभव है जब पहले हमें पता हो कि हम क्या है, क्या कर रहे हैं और क्या हम होना चाहते हैं, इसी को तो आत्म निरीक्षण और आत्म चिंतन कहते हैं।

**-डॉ. कमलेश कली**

# कर्म का मर्म

## 'पेड़ पर भूत'

स्वामी विवेकानंद का बचपन में नाम नरेंद्र था। नरेंद्र तब आठ साल के थे। वह घर के पास ही एक बगीचे में साथियों के साथ खेलने जाते थे और वहां चंपा की डाली को पकड़कर झूलते थे, कभी उस पर चढ़ने की कोशिश भी करते थे। एक दिन एक बुजुर्ग ने बच्चों को समझाया, 'देखो, चंपा के इस पेड़ पर भूत रहता है। वह तुम सबकी गर्दन मरोड़ देगा।' चंपा की डालियां नाजुक होती हैं, शायद इसलिए या फिर बच्चे बगीचे में न खेलें, इस ख्याल से उन्होंने डराते हुए ऐसा कहा था। कारण जो भी हो, अब बच्चों ने भूत के डर से उस बगीचे में खेलना ही बंद कर दिया। नरेंद्र को खेलना, दौड़ना-भागना, कसरत करना बहुत पसंद था। अपने साथियों के बगीचे में नहीं आने से उनका खेलना छूट गया था। एक दिन बच्चों से मिलकर कहा, 'देखो, हमारा खेलना अब बंद हो गया है। यह अच्छी बात नहीं है। चलो, फिर से बगीचे में खेलने चलते हैं।' बच्चों ने यह कहते हुए सीधे मना कर दिया कि चंपा के पेड़ पर भूत रहता है। उन्होंने सोचा, कुछ उपाय करना होगा। और वह रोज अकेले चंपा के पेड़ के पास आकर खेलने लगे। बच्चों ने उन्हें ऐसा करने से मना किया और कहा, भूत तुम्हारी गर्दन मरोड़ देगा।



तब बच्चों को नरेंद्र ने समझाया, 'हमलोग इतने दिनों तक खेलते रहे, तब तो भूत नहीं आया था। अब दादू के कहने से भूत आ जाएगा क्या?' बच्चे उनकी बात से सहमत हो गए। स्वामी विवेकानंद अपने उपदेश में बचपन की इस घटना का जिक्र कर कहते थे कि खेल वाली बात तो एक उदाहरण जैसी है। लेकिन हम जब भी कोई काम ठानते हैं या करते हैं, तो उसमें कोई न कोई बाधा आती ही है। उस मुश्किल को जाने बिना काम छोड़ देना बुद्धिमानी नहीं है।

# शान्ति निकेतन महाविद्यालय की रीतू ने ताइक्कान्डो में जीता सिल्वर मैडल



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 13 दिसम्बर :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित इण्टर कॉलेजियेट ताइक्कान्डो टूर्नामेंट में तोशाम रोड, लाडवा, हिसार स्थित शान्ति निकेतन महाविद्यालय की बी.ए. फाइनल की छात्रा रीतू ने ताइक्कान्डो में शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मैडल प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। छात्रा रीतू का महाविद्यालय पहुंचने पर कॉलेज प्राचार्य, डी.पी.ई. जयपाल सिंह, डी.पी.ई. अत्तर सिंह मलिक, स्टॉफ सदस्यों तथा सभी छात्र-छात्राओं द्वारा जोरदार स्वागत किया गया व उनकी इस शानदार सफलता पर उन्हें बधाई दी।

# कल्याण के लिए श्रेय का मार्ग उत्तम : स्वामी सत्यानंद महाराज

**देवी भवन के नए प्रांगण में आयोजित संत सम्मेलन में संत महात्मा प्रवचनों से दे रहे धर्म लाभ**

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 13 दिसम्बर :** अखिल भारतीय सोहम महामंडल शाखा हिसार के तत्वावधान में देवी भवन के नए प्रांगण में चल रहे पंचदिवसीय संत सम्मेलन के तृतीय दिवस महामंडलेश्वर श्री स्वामी विवेकानंद महाराज के कृपापात्र सोहं पीठाधीश्वर श्री स्वामी सत्यानन्द महाराज ने कहा कि श्रेय व प्रेय दोनों हर व्यक्ति के पास आते हैं धीर पुरुष कल्याण मार्ग का अनुशरण करता है जबकि अविवेकी अपने योगक्षेम अर्थात पेट भरने के लिए प्रेय मार्ग का अनुशरण करता है। यद्यपि कल्याण वाले मार्ग पर चलने पर बहुत परेशानी होती है। बड़ी परीक्षाएं होती है किंतु परिणाम सुखद होता है जबकि प्रेय मार्ग में प्रारम्भ में सुख होता है परंतु परिणाम उसका दुखद होता है। धीर पुरुष जैसा अनुशरण करने में ही हम सब की भलाई है। हरिश्चन्द्र युधिष्ठिर आदि ने कष्ट बहुत सहे किंतु बाद में सफलता मिली। प्रवचनों की श्रृंखला में श्री स्वामी




ज्ञानानंद, स्वामी प्रणवानंद, स्वामी नारायणानंद और अरुणस्वरूप ने भी अपने प्रवचनों से श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर राकेश गर्ग, बनारसीदास, प्रीतिपाल, विनोद कुमार, मनोज गर्ग, अमर गोयल, रमेश गोयल, अशोक अग्रवाल इत्यादि श्रद्धालुओं ने सन्त महापुरुषों को माला पहनाकर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम के उपरांत भगवान की आरती की गई व उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

# श्री पंचमुखी हनुमान से मिलने स्वयं राम लला कलश रूप में पधारे

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 13 दिसम्बर :** अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निमंत्रण अनुरूप बुधवार को अक्षत कलश चौधरीवास स्थित श्री पंचमुखी बालाजी धाम में पहुंचे जहाँ धाम के पुजारी भाईजी श्री मोनु जोशी व भक्तों ने हर्षोउल्लास से जय श्री राम के नारे लगाते हुए, पुष्प वर्षा व ध्वजा लहराते हुए भव्य स्वागत किया। 22 जनवरी 2024 (पौष शुक्ल द्वादशी) को आयोध्या में श्री राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा स्थापना कार्यक्रम माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कर कमलों द्वारा किया जा रहा है। इसी संदर्भ में श्री राम मंदिर ट्रस्ट द्वारा पूरे देश भर में जन-जन तक निमंत्रण स्वरूप अक्षत वितरण का कार्यक्रम दिनांक 1 जनवरी से 15 जनवरी तक चलाया जाएगा। अति हर्ष/प्रसन्नता का विषय रहा जब अयोध्या से 'दो' पूजित अक्षत कलश श्री बालाजी महाराज के पावन दरबार श्री चौधरीवास धाम मे पूजन कर स्थापित किये गए है जो कि



न्योते के रूप में देश प्रदेश वासियो को वितरित किये जायेंगे। धाम के महंत परम पूज्य गुरुवर भाईजी श्री पवन कुमार जोशी के निर्देश अनुसार सविधि कलश पूजन कर श्री हनुमान जी महाराज के चरणों में स्थापित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व विश्व हिंदू परिषद से अनिल लखेरा (चौधरीवास), सुरजीत कुमार (मुकलान), राजेंद्र सिंह (चौधरीवास), रामनिवास (हिसार), बलजीत (पूर्व सरपंच, चौधरीवास), प्रमुख समाजसेवी संजय डालमिया सहित मंदिर ट्रस्ट के सदस्य मौजूद रहे।

# सीबीएसई पैरामीटर पर एक बार फिर नंबर एक स्थान पर रहा पैलेडियम हिसार



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 13 दिसम्बर :** हमें यह बताते हुए बहुत प्रसन्नता हो रही है कि पैलेडियम स्कूल हिसार ने हाल ही में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की। 'अग्रणी एजुकेशन टुडे ग्रुप' द्वारा बेंगलुरु में 'फ्यूचर प्रूफ लर्निंग इंफ्रास्ट्रक्चर' के सीबीएसई पैरामीटर पर पैलेडियम हिसार को नंबर एक रैंकिंग से सम्मानित किया गया है। यह स्थान प्रतिष्ठित जूरी सदस्यों द्वारा शीर्ष सीबीएसई स्कूलों में से चुना गया है। पैलेडियम स्कूल द्वारा नंबर एक रैंकिंग प्राप्त करना सिर्फ स्कूल के उज्वल भविष्य की सुरक्षा ही नहीं करता, बल्कि यह भी दिखता है कि यहाँ की शिक्षा गुणवत्ता में सर्वोत्तम है। यह उपलब्धि हमारे संबंधित शिक्षा क्षेत्र में एक उच्च स्थान का सूचीबद्ध करने का परिचायक है जो हमें गर्वित और प्रेरित करता है। इस उपलब्धि पर स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती निशी भटनागर ने माता-पिता और कर्मचारियों को उनके सहयोग और पैलेडियम को यह उपलब्धि दिलाने में उनके सक्रिय योगदान के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि हम इसी तरह से आगे बढ़ते रहेंगे और नई ऊँचाइयों को हासिल करेंगे।









# परिवार पहचान पत्र योजनाओं के क्रियान्वयन का सशक्त माध्यम : डिप्टी स्पीकर

## गांव चारनौंद तथा तलवंडी रूक्का में विकसित भारत संकल्प यात्रा में की शिरकत



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 दिसम्बर :** गांव चारनौंद तथा तलवंडी रूक्का में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों से सीधा संवाद करते हुए डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा कि सरकार द्वारा प्रदत्त सेवाओं का लाभ वास्तविक रूप से जरूरतमंद लोगों तक पहुंचे इसके लिए परिवार पहचान पत्र हरियाणा में योजनाओं के क्रियान्वयन का सशक्त माध्यम बन गया है। परिवार पहचान पत्र ने प्रदेशवासियों को अलग पहचान दिलाई है, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी व आसान तरीके से मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि सरकार के विगत साढ़े नौ वर्ष अंत्योदय व गरीबों के कल्याण एवं उत्थान को समर्पित रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से देश-प्रदेश में व्यवस्था परिवर्तन का दौर शुरू हुआ है, जिसके परिणाम स्वरूप अंतिम व्यक्ति को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा कि यदि कोई पात्र व्यक्ति किसी वजह से सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं ले पाए हैं तो वे अब इस यात्रा के दौरान अपने गांव में ही आवेदन कर योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य ही हर एक व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है।

**सरकार का अंत्योदय पर पूरा फोकस**

डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने कहा कि हरियाणा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व की मनोहर सरकार ने अपने इन साढ़े नौ साल के कार्यकाल में प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए अनेक जनहितकारी फैसले लेकर दर्शाया कि सरकार का अंत्योदय उत्थान पर पूरा फोकस है। प्रदेश सरकार ने आईटी यानी सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से व्यवस्था परिवर्तन किया है। अंत्योदय सरल पोर्टल के माध्यम से विभिन्न विभागों की सैकड़ों योजनाएं ऑनलाइन माध्यम से प्रदान करनी सुनिश्चित की हैं। निरोगी हरियाणा के तहत मुफ्त टेस्ट सुविधा, विवाह शगुन योजना के तहत पात्र परिवारों की बेटियों की शादी पर कन्यादान जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई गई हैं।

**संकल्प यात्रा में एलईडी पर दिखाई जा रही है सरकार की उपब्धियों पर केंद्रित फिल्म**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान प्रचार वाहन पर एलईडी के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं को लघु फिल्म के रूप में दिखाया जा रहा है तथा यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉलें लगाकर आमजन को जागरूक करते हुए लाभान्वित किया जा रहा है। डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने उपस्थित लाभार्थियों को जागरूक व प्रेरित किया और हमारा संकल्प-विकसित भारत की शपथ भी दिलाई और विभिा विभागों द्वारा लगाई गई स्टाल का अवलोकन करते हुए लोगों का जागरूक किया।

**विभागों द्वारा स्टॉलें लगाकर पात्र लाभार्थियों को किया जा रहा है लाभांवित**

संकल्प यात्रा के दौरान एलईडी युक्त वैन में सरकार की विभिन्न योजनाओं को दिखाया गया तथा यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टाल लगाकर आमजन को जागरूक करते हुए लाभान्वित किया गया। डिप्टी स्पीकर रणबीर गंगवा ने अधिकारियों व ग्रामीणों के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान मेरी कहानी-मेरी जुबानी के तहत विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने मन की बात सांझा करते हुए बताया कि कैसे वह और उनका परिवार सरकार की अंत्योदय उत्थान एवं कल्याण से संबंधित योजनाओं का लाभ उठाकर अपने जीवन में बदलाव ला रहे हैं।

**लोक संपर्क विभाग के कलाकारों ने विकास गीतों के माध्यम से बताई मोदी-मनोहर सरकार की योजनाएं**

सूचना, जन संपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के प्रचार अमले के कलाकारों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विकास गीतों के माध्यम से लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए जागरूक किया। कलाकारों ने आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाओं को लोक गीतों के जरिए जनता के समक्ष रखा। इस दौरान कृषि विभाग द्वारा खेतों में ड्रोन का प्रदर्शन किया गया।

**इन गांवों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया गया जोरदार स्वागत**

विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद जागरूकता वाहन का खंड उकलाना के गांव साबरवास तथा कुलेरी, खंड नारनौंद के गांव सिंघवा खास तथा मदनहेड़ी में भी ग्रामवासियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। गांव साबरवास में भाजपा महिला मोर्चा की महामंत्री आशा खेदड़, गांव कुलेरी में राजेश नैन तथा गांव सिंघवा खास में अजय सिंधु तथा मदनहेड़ी में पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू ने यात्रा के पहुंचने जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किए गए और विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को सरकार की योजनाओं व सेवाओं की जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें योजनाओं का लाभ दिया गया। कार्यक्रमों में प्रगतिशील किसानों, शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, खेल क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले खिलाड़ियों व महिलाओं को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर सीमा गैबीपुर, अजय धुंधवाल, जिला पार्षद बहादुर सिंह नंगथला, राजीव, सरपंच प्रतिनिधि कुलबीर नैन, प्रिंसिपल जगमेंहद्र सिंह ढांडा सहित विभिन्न गांवों के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# हिसार के विभिन्न क्षेत्रों के कलेक्टर रेट को लेकर बैठक आयोजित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 दिसम्बर :** हरियाणा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं वित्तायुक्त के दिशा-निर्देशानुसार हिसार के विभिन्न क्षेत्रों के कलेक्टर रेट का प्रारूप जारी कर दिया है। कलेक्टर रेट निर्धारण करने के लिए तहसील व उप तहसील स्तरीय कमेटी का गठन किया गया था। कलेक्टर रेट निर्धारण के संबंध में एक ड्राफ्ट सूची तैयार करके वेबसाइट पर अपलोड की गई थी। अतिरिक्त उपायुक्त नीरज ने मंगलवार को लघु सचिवालय परिसर स्थित वीसी सभागार हिसार के सेक्टर 27 व 28 तथा हांसी से आए हुए नागरिकों द्वारा दर्ज एतराज व शिकायतों बारे प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायत प्राप्त क्लैक्टर रेटों पर दोबारा व्यवस्थित तरीके से विचार किया जाए। दावे व आपत्तियों को देखने के बाद प्रशासन की तरफ से कलेक्टर रेट पर विचार विमर्श के लिए कमेटी का गठन किया गया है, जो अपने आधिकारिक क्षेत्र में सर्वे उपरांत अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। जिला स्तर पर प्रस्तावित कलेक्टर रेट आपत्तियों को ध्यान में रखते हुए संशोधित किए जाएंगे। सभी तरह के सुझाव को ध्यान में रखते हुए नए प्रस्तावित रेट व सुझाव राज्य सरकार को भेजे जाएंगे। उन्होंने बताया कि नए कलेक्टर रेट लागू होने के बाद नए दर से ही रजिस्ट्रियां होंगी। अतिरिक्त उपायुक्त नीरज ने बताया कि मुख्यतः हिसार सेक्टर 27 व 28 और हांसी के नागरिकों की शिकायतों के मद्देनजर रिहायशी, कमर्शियल एवं औद्योगिक क्षेत्रों में राजस्व अधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारियों को भेजकर क्षेत्रीय रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर रेट को रिवाइज करवाएं जाएंगे। उन्होंने तहसीलदार हिसार को निर्देश देते हुए कहा कि हिसार की डीसी कॉलोनी, सेक्टर 9-11, 13 एवं 16-17 के कमर्शियल क्लैक्टर रेटों को मार्केट रेट से मिलान उपरांत दोबारा अवलोकन करवाया जाए। गौरतलब है कि कलेक्टर रेट-2024 का प्रारूप आपत्ति एवं शिकायतों की प्राप्ति हेतू https://hisar.gov.in पर 7 दिसंबर तक अपलोड करना था। इसके उपरांत अतिरिक्त उपायुक्त नीरज ने वार्डबंदी को लेकर निर्वाचन अधिकारियों एवं वार्ड पार्षदों के साथ सामूहिक बैठक ली। बैठक में परिवार पहचान पत्र के आधार पर बूथ वाइज जनसंख्या के दृष्टिगत वार्डबंदी तथ्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिन मतदाताओं के एलसी कोड गलत हैं या दूसरे क्षेत्रों में दर्शाए गए हैं, ऐसे मतदाता पीपीपी के हिसाब से अपनी त्रुटियों को जल्द दुरूस्त किया जाए। नगर पालिका सीमा और परिवार पहचान पत्र में दर्शाए गए कोड में समानता होना बेहद जरूरी है, जिससे संबंधित मतदाता के वोट और वार्ड का सटीक आकलन हो सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि हिसार नगर निगम के अंदर व बाहरी संवैधानिक क्षेत्रों, आदमपुर, नारनौंद तथा हांसी नगरपालिका क्षेत्रों के आगामी चुनाव हेतु परिवार पहचान पत्र एवं वोटर जनसंख्या के आधार पर वोटर लिस्ट तैयार की जाए और वार्ड बंदी में वोट डाटा सही करने तथा अन्य मैपिंग संबंधी कार्यों की त्रुटियों को दूर कर नए सिरे से पुराने एवं नए बूथों का गठन करने के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय के आंकड़ों से मिलान किया जाएगा। इस अवसर पर एसडीएम हिसार जयवीर यादव, एसडीएम बरवाला विजया मलिक, एसडीएम हांसी मोहित महराणा, जिला राजस्व अधिकारी चेतना चौधरी, तहसीलदार हिसार शालिनी लाठर एवं सभी उपमंडलों के तहसीलदार एवं राजस्व अधिकारी, वार्ड पार्षद भूप सिंह रोहिल्ला, पिंकी शर्मा, जयप्रकाश, अनिल जैन, प्रीतम सैनी आदि उपस्थित रहे।

# किसानों को कृषि यंत्रों पर मिलेगा 40 से 50 प्रतिशत अनुदान

## 31 दिसंबर तक किसान कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 दिसम्बर :** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा एसएमएएम तथा एनएफएसएम स्कीम के तहत विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्रों को अनुदान पर देने के लिए 31 दिसंबर तक https://agriharyana.gov.in/ पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह जानकारी देते हुए सहायक कृषि अभियंता गोपीराम सांगवान ने बताया कि एसएमएएम स्कीम के अर्न्तगत विभिन्न प्रकार के 29 कृषि यन्त्रों/ मशीनों जैसे बैटरी/ इलैक्ट्रिक/ सोलर/ चालित पावर विडर, सेल्फ प्रोपेलड मल्टी टूल बार, सेल्फ प्रोपेलड हाई, क्लीरनस बूम स्पेयर, चाफकटर वीद लोडर, ट्रैक्टर चालित साईलेंज पैंकिंग मशीन (1400-1500 किलोग्राम प्रति घंटा), बैटरी चालित खाद छिड़काव यन्त्र, (बैरिक्ट मेकिंग मशीन 1500-1000 किलोग्राम प्रति घंटा क्षमता/पैलेट मशीन), ट्रैक्टर चालित खाद छिड़काव यन्त्र, ट्रैक्टर चालित हाईड्रालिक प्रैस स्ट्रॉ बेलर, एमबी प्लाऊ, सब्सायलर, मल्टी क्रॉप बेड प्लास्टर/रेजर बेड प्लांटर, सेल्फ प्रोपलड, धान रोपाई मशीन, ट्रैक्टर चालित मशीन ग्रेन क्लीनर कम ग्रेडर/बिनोईंग फन, ट्रैक्टर चालित रीपर कम बान्डर, मिलेट मशीन/मिलेट मिल, मक्का थ्रेसर (ट्रैक्टर चालित) मक्का शेलर, न्यूमेटिक प्लांटर मशीन (ट्रैक्टर चालित), ऑयल एक्सपैलर, प्रैस, शुगरकेन कटर, मोबाईल कॉटन थ्रैडर (ट्रैक्टर चालित), लोडर/डोजर (ट्रैक्टर चालित), काऊ डंग बैरिक्ट मशीन, काऊ डंग डीवाटरिंग मशीन, पैडी मोबाईल ड्रायर लेजर लैंड लेवलर, कॉटन सीड ड्रील, ट्रैक्टर माऊटिड स्प्रै पम्प पर 40 से 50 प्रतिशत अनुदान का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि किसानों द्वारा चालू रबी एवं खरीफ 2023 का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर फसल पंजीकरण का होना अनिवार्य है। किसान अधिकतम अलग-अलग प्रकार की मशीनों पर लाभ ले सकता है। सहायक कृषि अभियंता ने बताया कि एक परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) पर केवल एक ही व्यक्ति लाभ ले सकता है। ट्रैक्टर चालित कृषि यन्त्रों/ मशीनों के लिए किसान (आवेदक) के नाम ट्रैक्टर की वैध आरसी, लेजर लैंड लेवलर अनुदान हेतू ट्रैक्टर की बीएचपी 35 से ऊपर होना, आरक्षित श्रेणी जैसे लघु/ सीमान्त किसान एवं अनूसूचित जाति हेतू प्रमाण-पत्र अपलोड करना, स्वंय घोषणा-पत्र कि मैंने वही मशीन पिछ्ले तीन वर्ष में अनुदान पर नहीं ली तथा फसल अवशेष न जलाने बारे शपथ लेनी होगी। किसानों के चयन प्राप्त आवेदनों एवं निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार ऑनलाइन ड्रा के माध्यम से किया जाएगा। चयन उपरान्त किसान विभाग द्वारा सूचीबद्ध निर्माताओं/ डीलरों से आपसी मोल भाव करके अपनी पसंद के डीलर से मशीन ले सकते हैं। मशीनों के भौतिक सत्यापन उपरान्त अनुदान किसानों के खातों में भेजा जाएगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए किसान एग्री पोर्टल पर लॉगिन कर विवरण देख सकते हैं।

# दिव्यांगजनों के कल्याणार्थ बहुउद्देशीय कैंप 21 दिसंबर को

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 दिसम्बर :** भारतीय रैडक्रॉस सोसायटी हिसार तथा समाज कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में बहुउद्देशीय दिव्यांग कल्याण शिविर 21 दिसंबर को प्रातः 10 बजे दिल्ली रोड स्थित रैडक्रॉस भवन में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी दीपिका सारसर ने बताया शिविर में सभी प्रकार के दिव्यांग व्यक्तियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारियां देने के साथ विभिन्न सुविधाएं का लाभ मौके पर ही दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिविर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों के मेडिकल प्रमाण पत्र/यूडीआईडी कार्ड तथा जिला रैडक्रॉस सोसायटी द्वारा कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण प्राप्त करने के लिए फार्म लिए जाएंगे। इसके अलावा जिला प्रबंधक एवं अनुसूचित जातियां एवं पिछड़े वर्ग कल्याण निगम द्वारा हरियाणा सरकार की योजना अनुसार दिव्यांग व्यक्तियों के ऋण संबंधी जानकारियां दी जाएगी। इसी कड़ी में रोजगार विभाग द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों को रोजगार संबंधी जानकारियां, जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों को पेंशन व बस पास संबंधित जानकारियां, क्रीड विभाग द्वारा दिव्यांग व्यक्तियों की नई पेंशन के स्टेटस तथा परिवार पहचान पत्र की त्रुटियों बारे मौके पर ही समाधान किया जाएगा। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे निर्धारित समय एवं स्थान पर पहुंचकर सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ उठाएं।

# हकृवि के एबिक सेंटर में 'कृषि एवं खाद्य प्रणाली में समावेशी व्यवसाय' विषय पर कार्यशाला का आयोजन

## कृषि में उद्यमियता की अपार संभावनाएं, बेरोजगार युवक उठाए फायदा : कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज

## हरियाणा व तेलगांना के किसानों के हित और आमदनी बढ़ाने के लिए योजनाएं तैयार करेगा यूएनओ : मार्ता पेरेज





**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 दिसम्बर :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और इन्वेस्ट इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में आज एग्रीबिजनेस इंक्यूबेशन सेंटर (एबिक) में 'कृषि एवं खाद्य प्रणाली में समावेशी व्यवसाय' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने इस कार्यशाला की अध्यक्षता की। इस दौरान संयुक्त राष्ट्र की एशिया और प्रशांत क्षेत्रीय आर्थिक एवं सामाजिक आयोग (यूएनओ) के योजना अधिकारी इग्रनोसियो ब्लैंकों, आर्थिक मामलों के अधिकारी मार्ता पेरेज व परियोजना अधिकारी इशराक फजल मौजूद रहे। इसके अलावा हरियाणा सरकार में विदेशी सहकारिता विभाग के सलाहाकर श्री पवन चौधरी, हैफेड के चेयरमैन श्री कैलाश भगत एवं हरियाणा सरकार में इन्वेस्ट इंडिया एंजेसी के सीनियर असिस्टेंट वाइस प्रेसिडेंट शिवम भी उपस्थित रहें।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने संबोधन में समावेशी व्यवसाय विषय पर काम कर रहे उद्यमियों व किसानों के लिए विश्वविद्यालय की ओर से उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एबिक सेंटर न केवल चयनित स्टार्ट अप्स को तकनीकी सहायता प्रदान कर रहा है बल्कि जरूरत के अनुसार उन्हें आर्थिक सहायता भी प्रदान करता है। एबिक युवा व किसानों को उनके उत्पाद की प्रोसेसिंग, मूल्य संवर्धन, पैकेजिंग, सर्विसिंग व ब्रांडिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए सहायता प्रदान करता है ताकि वे अपने व्यवसाय को उच्च स्तर पर स्थापित कर सकें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय हर जिले में स्थापित कृषि विज्ञान केंद्र के माध्यम से ग्रामीण व शहरी महिलाओं, युवाओं व प्रदेश के किसानों को स्वावलम्बी, समृद्ध और आर्थिक रूप से संपन्न बनाने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि एचएयू प्रदेश के 6 लाख किसानों से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है।

**हरियाणा एवं तेलंगाना को समावेशी व्यापार से जोड़ा जाएगा : मार्ता पेरेज**

संयुक्त राष्ट्र की एशिया और प्रशांत क्षेत्रीय आर्थिक एवं सामाजिक आयोग (यूएनओ) के आर्थिक मामलों के अधिकारी मार्ता पेरेज ने बताया कि यह संगठन हरियाणा व तेलगांना में हकृवि और इन्वेस्ट इंडिया के संयुक्त सहयोग से कृषि एवं खाद्य प्रणाली में समावेशी व्यवसाय विषय पर किसानों के हित और आमदनी बढ़ाने के लिए योजनाएं तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत उपरोक्त दोनों प्रदेशों के किसानों के संसाधनों का खर्चा कम करने व उनको आर्थिक रूप से मजबूत बनाने और उद्यमियों को समृद्ध बनाने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

हैफेड के चेयरमैन कैलाश भगत ने कहा कि हकृवि द्वारा तैयार उन्नत फसल किस्मों के माध्यम से किसान लगातार पैदावार बढ़ा रहा है। साथ ही हैफेड किसानों के बासमती चावल के निर्यात करने में हर संभव प्रयास कर रहा है।

हरियाणा सरकार के विदेशी सहकारिता विभाग के सलाहाकर पवन चौधरी ने कहा कि हरियाणा प्रदेश पूरे भारतवर्ष में उद्यमियों को समस्त सुविधाएं मुहैया करवाने में अव्वल है। उन्होंने पीएम कुसुम योजना, मेरी फसल-मेरा ब्यौरा, परिवार पहचान पत्र, किसान उत्पादक संगठन जैसी स्कीमों के बारे में संयुक्त राष्ट्र से आई टीम के सदस्यों को अवगत कराया। साथ ही उन्होंने हरियाणा में स्थापित चार फूड पार्क, 3 हजार से ज्यादा फूड प्रोसेसिंग यूनिट, 5 कोल्ड चेन के कार्यों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश स्ट्राबेरी एवं दुग्ध उत्पादन में भी अव्वल है। उन्होंने कहा कि हरियाणा का विदेशी सहकारिता विभाग प्रदेश के उद्यमियों के उत्पादों को निर्यात करने पर निरंतर कार्य कर रहा है।

इस अवसर पर कुलपति के ओएसडी एवं एबिक के डायरेक्टर डॉ. अतुल ढींगड़ा, प्रिंसीपल इन्वेस्टीगेटर (आरकेवीवाई) डॉ. राजेश गेरा सहित इंटेलिकेप ग्रुप, एफपीओ, नाबार्ड व अन्य बैंकों के अधिकारीगण, एग्रोनेक्सट एवं एबिक सेंटर के सदस्य भी उपस्थित रहे।

## वर्षों से खाद के लिए इधर-उधर भटक रहे डोभी के किसान : आजाद हिन्दुस्तानी

### भवन जर्जर होने पर रिपेयर की बजाय विभाग ने शाखा ही बंद कर दी



गांव का पुराना भवन, जो जर्जर होने पर बैंक शाखा शिफ्ट करके किसानों की समस्या बढ़ा दी गई।

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 दिसम्बर :** केन्द्र व प्रदेश सरकार के किसानों के हित में भले ही बहुत कुछ करने के दावे किए जा रहे हो लेकिन जिले के डोभी गांव के किसानों को पिछले पांच-छह साल से खाद के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। जिला अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री तक इसकी शिकायत व मांग की जा चुकी है लेकिन आश्वासनों के सिवाय कुछ नहीं मिला। गांव के सरपंच आजाद सिंह हिन्दुस्तानी एवं अन्य ग्रामीणों ने बताया कि सोसायटी भवन जर्जर हालत में होने के कारण अधिकारियों ने इसे गांव से शिफ्ट कर दिया। विभाग को चाहिए था कि नया भवन बनवाया जाए या पुराने भवन की रिपेयर करवाई जाए लेकिन ऐसा करने की बजाय अधिकारियों ने सोसायटी को शिफ्ट करना ज्यादा उचित समझा, जिससे किसानों की समस्या बढ़ गई। अब पिछले पांच-छह साल से गांव में किसानों को खाद नहीं मिल रही और उन्हें इधर-उधर से औने-पौने दामों में खाद खरीदनी पड़ रही है। लगभग साढ़े पांच हजार वोट की आबादी वाले इस गांव में किसानों को इतनी सुविधा भी नहीं मिल रही है। ग्रामीण इस बारे क्षेत्र के विधायक व मंत्री से लेकर सोसायटी विभाग के सभी अधिकारियों व मुख्यमंत्री तक यह मांग व शिकायत भेज चुके हैं। ग्रामीणों ने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी है कि यदि अब भी उनकी मांग पर गौर नहीं किया तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। ग्रामीणों ने मांग की है कि पुराने भवन की रिपेयर करवाकर या नया भवन बनाकर यहां बैंक सोसायटी शाखा खोलकर किसानों की समस्या का निदान किया जाए।

## लुवास में छात्र कल्याण निदेशालय ने चलाया एड्स के खिलाफ जागरूकता अभियान



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 दिसम्बर :** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार के छात्र कल्याण निदेशालय ने गत दिवस एड्स के खिलाफ जागरूकता अभियान का आयोजन किया। विश्व एड्स दिवस हर साल 1 दिसंबर को मनाया जाता है। इस वर्ष यूजीसी के निर्देशों के तहत 1 से 15 दिसंबर तक विभिन्न विश्वविद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में लुवास परिसर में एड्स के प्रति आम जनता को जागरूक करने के लिए नारों के साथ विद्यार्थियों का कैंडल मार्च निकाला गया। शाम छह बजे गोदावरी गर्ल्स हॉस्टल से पैदल मार्च शुरू हुआ। इस कार्यक्रम में 70 छात्राओं ने भाग लिया। छात्र कल्याण निदेशक सह ईओ डॉ. पवन कुमार के मार्गदर्शन में जागरूकता अभियान चलाया गया। सभा को संबोधित करते हुए डॉ. पवन कुमार ने इस बीमारी की रोकथाम में समुदाय की भागीदारी की भूमिका पर जोर दिया। जागरूकता अभियान में छात्र कल्याण निदेशक डॉ. पवन कुमार, एडीएसडब्ल्यू डॉ. दिव्या अग्निहोत्री, हॉस्टल वार्डन डॉ. कंवल और डॉ. प्रियंका, विश्वविद्यालय के अन्य संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## एफ.सी. कालेज में मनाया एडस दिवस, विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 दिसम्बर :** फतेहचन्द महिला महाविद्यालय की रेड रिबन क्लब, रेडक्रास यूनिट द्वारा 27 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक विश्व एड्स दिवस मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया दिनांक 30 नवम्बर को स्लोगन राईटिंग एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 1 दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस पर मानव श्रृंखला बनाई गई एवं वृक्षों को रेड रिबन और लाल गुब्बारों से सजा कर जागरूकता अभियान चलाया गया और महाविद्यालय की अध्यापिकाओं एवं छात्रों ने भी लाल रिबन पहनकर जागरूकता का संदेश दिया। 6 दिसम्बर को एन.आई.वी. एड्स जागरूकता पर लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। रेड रिबन प्रभारी डॉ. संगीता शर्मा ने एच.आई.वी. एड्स के कारण, लक्षण व निदान संबन्धित जानकारी दी और राष्ट्रीय टोल फ्री हैल्पलाईन नम्बर 1097 के बारे में भी अवगत करवाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण उपस्थित थे।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक 16 दिसंबर को

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 दिसम्बर :** सांसद बृजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में 16 दिसंबर को प्रातः11 बजे स्थानीय लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी कमेटी (दिशा) की बैठक आयोजित की जाएगी। यह जानकारी देते हुए एक प्रवक्ता ने बताया कि सांसद सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं व कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करेंगे और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी देंगे।

# गठबंधन सरकार को नहीं किसानों की चिंता, दोहरी मार झेल रहा है प्रदेश का अन्नदाता : सैलजा

### किसान बोले- सरकार ने लुटने के लिए प्राइवेट एजेंसियों के किया हवाले, 4500 रुपये प्रति क्विंटल खरीद रहे है नरमा

**पाठकपक्ष न्यूज**

**सिरसा, 13 दिसम्बर :** बागड़ी बैल्ट के नरमा कपास उत्पादक किसानों ने मंगलवार को गांव साहुवाला द्वितीय में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य और हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि सरकार की लापरवाही और मनमानी से वे पूरी तरह से बर्बाद हो चुके है। गुलाबी सुंडी के प्रकोप के चलते इस बार नरमा की फसल को भारी नुकसान हुआ ऊपर से मंडी में प्राइवेट खरीद एजेंसी 4000 से 4500 रुपये प्रति क्विंटल के भाव में खरीद कर उन्हें लूटने में लगी हुई है। सैलजा ने कहा कि गठबंधन सरकार को किसानों की कोई चिंता नहीं है, ऐसे में अन्नदाता दोहरी मार झेल रहा है, न तो फसल बिक रही है और न ही वह गेहूं की बिजाई कर पा रहा है क्यों उसके पास डीएपी और यूरिया खरीदने के लिए पैसा नहीं हैं।

गांव मम्मड निवासी विक्रम बैनीवाल, सेनपाल कोठा निवासी अमनदीप सिंह नंबरदार और नाईवाला के सरपंच गुरभेज सिंह के नेतृत्व में मम्मडखेड़ा, केहरवाला, सेनपाल कोठा, नथोर, बचेर, खारियां, चक्का, भूना, कालुआना आदि गांवों के नरमा उत्पादक किसान कुमारी सैलजा से गांव साहुवाला द्वितीय में मिले और उन्हें ज्ञापन सौंपा। किसानों ने उन्हें बताया कि इस बार कॉटन बैल्ट में गुलाबी सुंडी के प्रकोप से नरमा की फसल बुरी तरह से बर्बाद हुई है। जो फसल बची है उसे खरीदने में प्राइवेट एजेंसी मनमानी कर रही है। उन्होंने कहा कि गेंहू की बिजाई करनी है जिसके लिए डीएपी और यूरिया खाद की जरूरत है, नरमा की फसल बेचने जाते है तो मंडी में पहले उसे 5400 से 5500 रुपये का भाव देने की बात कही जाती है और जब वह ट्राली से नरमा उतार लेता है तब प्राइवेट एजेंसी उसमें नमी ज्यादा बताकर 4000 से 4500 रुपये प्रति क्विंटल के भाव देती है। ऐसे में मजबूरी के चलते उसे फसल बेचनी पड़ती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने सरकारी खरीद बंद कर उन्हें प्राइवेट एजेंसी के हाथों लुटने के लिए छोड़ दिया है। किसानों ने कहा कि इस सरकार को कोई भी मंत्री, विधायक यहां तक की कोई अधिकारी कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है।



इस मौके पर कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में नरमा कपास के उचित भाव न मिलने के कारण किसानों पर दोहरी मार पड़ रही है। एक ओर जहां गुलाबी सुंडी से फसल बर्बाद हुई तो दूसरी ओर हालात ये है कि मंडी में उचित भाव नहीं दिया जा रहा है। हरियाणा को उत्तर भारत में प्रमुख कपास उत्पादक प्रदेश में गिना जाता है। इस प्रदेश के हिसार, सिरसा, फतेहाबाद, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी और भिवानी जिले शामिल है जहां पर हरियाणा का लगभग 70 फीसदी कपास का उत्पादन होता है। इस बार नरमा कपास की 70 प्रतिशत फसल पर गुलाबी सुंडी का हमला हुआ। जिससे किसानों की उम्मीदों पर पानी ही फिर गया। सरकारी खरीद बंद हो चुकी है और प्राइवेट एजेंसी मनमानी कर रही है। किसानों को नरमा के उत्पादन पर आए खर्च के मुताबिक यह भाव कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही के चलते किसानों को पहले ही खाद, बीज व कीटनाशक नकली मिल रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को बचाने के लिए सरकार को आगे आना चाहिए तथा समर्थन मूल्य पर कपास की खरीद करें। इस मौके पर पूर्व विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, वरिष्ठ कांग्रेस नेता संदीप नेहरा एडवोकेट, विनीत कंबोज, लालबहादुर खोवाल आदि मौजूद थे।

**पूर्व सांसद चरणजीत सिंह रोडी के भाई के निधन पर जताया शोक**

कुमारी सैलजा मंगलवार को पूर्व सांसद सरदार चरणजीत सिंह रोड़ी के बड़े भाई सरदार बंता सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करने गांव रोड़ी पहुंची। इसके साथ ही उन्होंने आम आदमी पार्टी नेता सरदार कुलदीप सिंह गदराना के पिता सरदार कौर सिंह, सरपंच केवल कृष्ण जिंदल के पिता हेमराज के निधन पर, इनेलो के वरिष्ठ नेता सरदार जसवीर सिंह जस्सा की माता सुखदेव कौर के निधन पर शोक व्यक्त करने उनके आवास पर पहुंची और परिजनों को सांत्वना दी।

# लीडिंग सीनियर सैकेंडरी स्कूल ने मनाया 29वां वार्षिक समारोह

### छात्रा नैंसी भाटीवाल बनी स्टूडेंट ऑफ़ दी इयर



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 दिसम्बर :** लीडिंग सीनियर सैकेंडरी स्कूल, आजाद नगर हिसार स्थित का 29वां वार्षिक समारोह बड़ी धूम-धाम से आयोजित हुआ। समारोह का उद्घाटन हिसार के एन. टी. आर. फी. टी. टी. आई. के डायरेक्टर डॉ. मुकेश जैन, बी. ई. ओ. मिस्टर विजेंद्र सिंह और गेस्ट ऑफ हॉनर मिस्टर बलबीर सिंह नेहरा गवर्नमेंट सी. सै. स्कूल प्रिंसिपल रुपणा ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान छात्रों - छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई। इस अवसर पर प्रिंसिपल संदीप अहलावत ने स्कूल की उपलब्धियों का जिक्र किया। बच्चों ने बहुत से टेक्नोलॉजी, सामाजिक, ओल्ड थीम व मॉर्डन थीम कार्यक्रम में होने वाले सभी कार्यक्रमों पर अपनी प्रस्तुतियां दी, जो कि इतनी दमदार व जोशीली थी जिसने दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। स्कूल के विद्यार्थियों ने हरियाणवी शादी थीम नाटक पर प्रस्तुति दी और सामाजिक रूप से यह संदेश दिया गया कि हमारे रीति - रीवाज़ व रस्मे कम होती जा रही हैं, जिससे बच्चे अपने कल्चर से दूर होते जा रहे है जो कि उचित नहीं है। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दसवीं व बारहवीं के मेरिट होल्डर विद्यार्थियों को इस मौके पर सम्मानित भी किया गया। स्कूल के बच्चों द्वारा बैंड परफॉर्मेंस ने कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। लाइव कॉन्सर्ट थीम पर बच्चे ने इतनी शानदार प्रस्तुतिया दी की पुरे ऑडियंस ने खड़े होकर करतल ध्वनियों से स्वागत किया। चीफ गेस्ट डॉ. मुकेश जैन ने लाइव कॉन्सर्ट की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये बच्चे इतने प्रोफेशनल सिंगर की तरह सिंगिंग कर रहे थे कि उन्हें इंडियन आइडियल जैसे शो की लाइव परफॉर्मेंस का अहसास हुआ। दसवीं कक्षा की छात्रा नैंसी भाटीवाल को स्टूडेंट ऑफ़ दी इयर के खिताब से नवाजा गया। स्कूल के डायरेक्टर डा. एस.पी. पंघाल ने विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों तथा शिक्षको का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि स्कूल की हर गतिविधि में भाग लेना हर विद्यार्थी का कर्तव्य है, इससे बहुत कुछ सीखने को मिलता है और सीखने की प्रकिया में कभी पिछड़ना नहीं चाहिए। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# गुजविप्रौवि का विद्यार्थी शीर्ष इंक निर्माता एमएनसी सकाटा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में हुआ चयनित

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 दिसम्बर :** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार के ट्रेनिंग एंड प्लेसमैंट सैल के सौजन्य से 'सकाटा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड' के ई-कैंपस प्लेसमैंट ड्राइव में विश्वविद्यालय के एक विद्यार्थी का चयन हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस उपलब्धि के लिए चयनित विद्यार्थी, उसके परिवार व विभाग के शिक्षकों को बधाई दी है। उन्होंने कॉरपोरेट जगत में विश्वविद्यालय का नाम सदैव ऊंचा रखने की अपील की। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. विनोद छोकर ने भी छात्र को भविष्य की यात्रा के लिए शुभकामनाएं दीं। प्लेसमैंट निदेशक प्रताप सिंह ने बताया कि सकाटा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड जापान आधारित प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनी सकाटा इंक्स कॉर्पोरेशन की सहायक कंपनी है, जो प्रिंटिंग स्याही के क्षेत्र में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि यह कंपनी गुजविप्रौवि के विद्यार्थियों को निरंतर चयनित कर रही है तथा कंपनी में काफी संख्या में विश्वविद्यालय के पूर्व विद्यार्थी कार्यरत हैं। इस ड्राइव में हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के लगभग 21 विद्यार्थियों ने भाग लिया। अलग-अलग दौर के एप्टीट्यूड टेस्ट एवं साक्षात्कार के आधार पर विश्वविद्यालय के एक विद्यार्थी का



चयन कंपनी में हुआ है। प्लेसमैंट निदेशक ने इस ड्राइव के संचालन के लिए सकाटा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की एचआर मैनेजर प्रियंका जोशी को धन्यवाद दिया। उन्होंने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने और उन्हें प्रेरित करने के लिए हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के निदेशक प्रो. विनोद कुमार बिश्नोई व ट्रेनिंग प्लेसमैंट कोर्डिनेटर डॉ. प्रमोद कुमार का भी आभार व्यक्त किया है। सहायक निदेशक डॉ. आदित्यवीर सिंह ने बताया कि चयनित विद्यार्थी छात्र एमबीए आईबी 2024 पासिंग आउट बैच के राजन मेहता हैं। प्लेसमैंट ड्राइव का संचालन एमबीए जनरल के पीयूष गोयल ने किया। चयनित विद्यार्थी जनवरी 2024 में 4.2 लाख रुपये के वार्षिक पैकेज के साथ कंपनी में ट्रेनी एग्जीक्यूटिव (सेल्स कोर्डिनेशन एक्सपोर्ट) के रूप में शामिल होंगे।

# ओएसजीयू में निशुल्क सामान्य एवं स्त्री चिकित्सा कैंप का आयोजन, सर्वेश हेल्थ सिटी ने दी सेवाएं

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 दिसम्बर :** ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय के चांसलर डा पुनीत गोयल और प्रो चांसलर पूनम गोयल के नेतृत्व में 12 दिसंबर मंगलवार को सर्वेश हेल्थ सिटी हिसार व ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय द्वारा निशुल्क सामान्य एवं स्त्री चिकित्सा कैंप लगाया गया। विश्वविद्यालय के चांसलर डा पुनीत गोयल ने इस कैंप के लिए सर्वेश हेल्थ सिटी के पूरे अधिकारियो को संबोधित किया और शुभकामनाए दी। इस कैंप का उद्देश्य विश्वविद्यालय के अध्यापक,विद्यार्थियों और आस पास के लोगो के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच और लोगो को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। यूनिवर्सिटी के कुलपति डा. एन पी कौशिक व प्रति कुलपति डा अजय पोदार ने इस कैंप में भाग लेने वाले को प्रोत्साहित किया इसी के साथ स्वयं और अपने परिवार को स्वस्थ रखने की अपील की। उन्होंने बताया की इस तरह के



कैंप लगाने से लोगो में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ेगी। इस कैंप में सर्वेश हेल्थ सिटी से डा. कुनाल नारंग (एमबीबीएस, एमडी, जनरल मेडिसिन) जो मधुमेह, छाती, टी.बी, रोग विशेषज्ञ और डा. ज्योत्स्ना कामरा (एमबीबीएस, एमडी कॉस्मेटिक, स्त्री रोग विशेषज्ञ) ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए सभी लोगो के स्वास्थ्य की जांच की ओर स्वयं को स्वस्थ रखने के तरीके बताए। स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. ज्योत्स्ना कामरा ने बताया की बहुत स्त्री काम में व्यस्त होने की वजह से खुद का ध्यान नही रखती उन्होंने सभी सेहत पर ध्यान देने की अपील की। विश्वविद्यालय के हेल्थ ऑफ साइंस विभाग के अध्यापक व विद्यार्थियो ने भी इस कैंप में अपनी अहम भूमिका अदा की। विश्वविद्यालय के सभी विभाग के डीन एवं अधिकारी इस कैंप का हिस्से बने।

# हकृवि के वैज्ञानिकों ने आलू की फसल में पिछेती झुलसा बीमारी के प्रकोप की संभावना जताई, फफूंदनाशक छिड़काव करने की दी सलाह

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 दिसम्बर :** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद-केंद्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला-हिमाचल प्रदेश द्वारा विकसित इंडो-ब्लाइटकास्ट पैन इंडिया मॉडल से पिछेती झुलसा बीमारी का पूर्वानुमान लगाया गया है। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि वैज्ञानिक फसलों में आने वाली समस्याओं के बारे में समय से पहले किसानों को लगातार सलाह दे रहे हैं। इसी कड़ी में आलू से संबंधित किसानों को सलाह दी जा रही है कि भविष्य में हिसार जिले में आलू की फसल में पिछेती झुलसा बीमारी आने की संभावना है, जिन किसानों ने आलू की फसल में अभी तक फफूंदनाशक दवा का छिड़काव नहीं किया है या जिनकी आलू की फसल में पिछेती झुलसा बीमारी प्रकट नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि किसान मैन्कोजेब इंडोफिल एन-45 या मैनजेब दवा 600 से 800 ग्राम प्रति एकड़ के हिसाब से छिड़काव करें। साथ ही 10 दिन के अंतराल में किसान आलू की फसल से जल निकासी का उचित प्रबंध करें और खेतों को खरपतवार रहित रखें। कृषि महाविद्यालय के सब्जी विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस.के. तेहलान ने कहा कि पिछेती झुलसा बीमारी फाइटोपथोरा इन्फेस्टाइंस फफूंद के कारण होता है, जिसका प्रभाव पौधों के सभी भागों जैसे पत्तियों, तने व कदों पर दिखाई पड़ते हैं। पिछेती झुलसा बीमारी का प्रारंभिक लक्षण आलू के पौधों की पत्तियों पर धब्बों के रूप में दिखाई देता है जो बाद में गहरे भूरे तथा बैंगनी रंग में बदल जाता है। उन्होंने कहा कि किसानों को आलू की फसल को पिछेती झुलसा बीमारी से बचाने के लिए समय-समय पर फफूंदनाशक दवाईयों का छिड़काव करते रहना चाहिए। साथ ही फसल की निगरानी हर 10 दिन के अंदर करते रहना चाहिए। वैज्ञानिक डॉ. राकेश चुघ ने किसानों को आलू की फसल में पिछेती झुलसा बीमारी के लक्षण और रोकथाम की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि आलू के पौधों की पत्तियों पर यदि धब्बें दिखाई देते हैं तो उसके चारो तरफ हल्के पीले रंग का घेरा भी बन जाता है। साथ ही मौसम में बदलाव होने पर तापमान में अधिक नमी का होना और बादल छाए रहते है तो धब्बे बड़े होने लग जाते हैं, जिससे पत्तियों की निचली सतह पर फफूंद की परत जमने लगती है।

# हरियाणा में दल-बदलु सदन से अयोग्य घोषित पूर्व विधायकों को भी मिल रही पेंशन

## कानूनी विसंगति का प्वाइंट उठाकर एडवोकेट ने विधानसभाध्यक्ष को कार्रवाई के लिए लिखा

### राज्य सरकार नहीं बल्कि विधानसभा के पास ही किसी कानून को पिछली तारिख से लागू करने का अधिकार : एडवोकेट हेमंत कुमार

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 13 दिसम्बर :** हरियाणा विधानसभा के सदस्य रहे उन पूर्व विधायकों को पेंशन देने पर सवाल उठते रहे हैं जिन्हें समय समय पर संबंधित विधानसभा स्पीकर (अध्यक्ष) द्वारा देश के संविधान की दसवीं अनुसूची अर्थात दल- बदल विरोधी कानून में दोषी पाए जाने पर सदन की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया था। हालांकि विधानसभा सचिवालय द्वारा स्पष्ट किया जाता रहा कि ऐसे विधायकों को कानून के अनुसार ही पेंशन प्रदान दी जा रही है।

इसी बीच पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट हेमंत कुमार ने बताया कि वर्तमान में कई पूर्व विधायक उक्त श्रेणी में शामिल हैं. जहाँ तक अयोग्य घोषित किये गए पूर्व विधायकों को मिलने वाली पेंशन राशि का विषय है, हरियाणा विधानसभा सदस्यों के वेतन, भत्ते और पेंशन सम्बन्धी मौजूदा वर्ष 1975 के कानून के प्रावधानों के मौजूदा अनुसार सदन के विधायको की दल बदल विरोधी कानून में दोषी पाए जाने पर अयोग्य घोषित होने के कारण उनको विधायक के तौर पर मिलने वाली पेंशन आदि पर कोई फर्क नहीं पड़ता।

बहरहाल, करीब 17 वर्ष पूर्व मार्च,2007 में तत्कालीन भूपेंद्र हुड्डा की कांग्रेस सरकार ने विधानसभा से वर्ष 1975 के हरियाणा विधानसभा सदस्यों के वेतन, भत्ते और पेंशन सम्बन्धी कानून की धारा 7ए (1ए) में संशोधन कर यह प्रावधान कर दिया कि केवल लोक प्रतिनिधित्व कानून,1951 की उपयुक्त धाराओ के अंतर्गत ही अयोग्य होने पर विधायक पेंशन लेने का हकदार नही होगा। इस संशोधन से पहले उक्त 1951 कानून के अलावा अन्य कानूनों में भी (दल-बदल कानून सहित) अयोग्य होने पर दोषी विधायको को पेंशन स्वीकृत नहीं हो सकती थी।

हेमंत ने बताया कि एक वकील होने के बावजूद वह आज तक नही समझ नहीं पाए कि जब हरियाणा विधानसभा (सदस्यों का वेतन, भत्ते और पेंशन) अधिनियम) संशोधन कानून, 2007 की धारा 1(2) में स्पष्ट उल्लेख है कि यह संशोधन कानून (भविष्य की) उस तिथि से प्रभावी होगा, जो राज्य सरकार इस बारे में नोटिफिकेशन जारी कर नोटिफाई करेगी, फिर इसे हुड्डा सरकार ने अपनी मर्जी से ही 16 वर्ष पूर्व की पिछली तिथि से कैसे लागू कर दिया था?

लिखने योग्य है कि हालाकि तत्कालीन राज्यपाल ए.आर. किदवई से स्वीकृति मिलने के बाद उक्त संशोधन कानून 6 अप्रैल,2007 को नोटिफाई कर दिया गया परन्तु इसके चार महीने बाद 14 अगस्त 2007 को राज्य सरकार के तत्कालीन मुख्य सचिव प्रेम प्रशांत ने एक नोटिफिकेशन जारी कर इस संशोधन कानून को 1 मार्च, 1991 से भी लागू कर दिया था। कानूनन पिछली तारीख से कोई कानून लागू करने में कोई अड़चन नहीं होती बशर्ते जिस पिछली तिथि से उसे लागू करना है, इसका उल्लेख सदन द्वारा पारित बिल/विधेयक में से स्पष्ट तौर पर होना चाहिए। कानून बनने के बाद केवल राज्य सरकार की इच्छा पर एक सरकारी नोटीफिकेशन जारी करके किसी कानून को पिछली तारीख से लागू नहीं किया जा सकता विशेष तौर पर जब पारित कानून में किसी पिछली तिथि का स्पष्ट उल्लेख न हो।

चार वर्ष पूर्व सितंबर 2019 में हेमंत द्वारा उक्त संशोधन कानून को पिछली तारीख से लागू करने पर संपूर्ण जानकारी प्राप्त करने हेतु मुख्य सचिव कार्यालय की राजनीतिक शाखा में एक आरटीआई याचिका दायर की ताकि संबंधित रिकार्ड/फाईल का विस्तृत निरीक्षण किया जा सके परंतु अक्तूबर 2019 में शाखा के डिप्टी सैक्रेटरी ने जवाब दिया कि बहुत प्रयासों के बावजूद संबंधित फाइल नहीं मिल पा रही है। यह भी लिखा गया कि इस संबंध में सचिवालय की सभी शाखाओं से उक्त फाइल को अपने अपने स्तर पर ढूंढने और रिपोर्ट करने को भी लिखा जाएगा और जल्द ही आवेदनकर्ता को आगामी जानकारी दे दी जाएगी। बहरहाल, अगस्त, 2021 में उनके द्वारा एक ताज़ा आरटीआई याचिका दायर की गयी परन्तु फिर वही जवाब में दिया गया कि इस मामले की फाइल नहीं मिल पा रही है जिससे इस प्रकार इस विषय पर कई गंभीर सवाल खड़े होते हैं. अगर किसी महत्वपूर्ण और संवेदनशील कानूनी विषय पर कोई आधिकारिक फाइल गुम गयी है या नही मिल पा रही है, तो हरियाणा सरकार द्वारा वैकल्पिक (डुप्लीकेट) फाइल तैयार करने के भी दिशा-निर्देश हैं हालांकि आज तक ऐसा नहीं किया गया है।

इसी बीच हेमंत ने सोमवार 11 दिसम्बर को एक बार पुनः प्रदेश के राज्यपाल, विधानसभा स्पीकर, मुख्यमंत्री, संसदीय कार्यमंत्री और मुख्य सचिव से इस विषय पर उपयुक्त कार्यवाही करने हेतु लिखा है। उन्होंने लिखा है कि संबंधित कानून में उल्लेख न होने बावजूद प्रदेश सरकार द्वारा पिछली तारीख से उस कानून को लागू करने से हरियाणा विधानसभा के अधिकार-क्षेत्र का उल्लंघन और सदन के विशेषाधिकार का हनन हुआ है।

# गरीब परिवारों की लड़कियां सरकारी व निजी महाविद्यालय में कर सकेगीं निशुल्क शिक्षा ग्रहण : विनोद भयाना

## सोरखी से महेंदा गांव तक बनेगी नई सड़क, महेन्दा गांव में 2 करोड़ 58 राशि से होंगे कई विकास कार्य व ढाणी मेंहन्दा में बनवाया जाएगा जलघर



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 13 दिसम्बर :** विधायक विनोद भयाना ने कहा कि गरीब तबके में नारी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए लड़कियों की शिक्षा को फ्री कर दिया गया है। अब राज्य सरकार के निर्णय अनुसार एक लाख 80 हजार वार्षिक आय वाले परिवारों की लड़कियां सरकारी व निजी महाविद्यालय में की निशुल्क शिक्षा ग्रहण कर सकती हैं।

श्री विनोद भयाना मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत महेंदा व ढाणी मेहन्दा गांव में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में उपस्थित जन समूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों की वार्षिक आय तीन लाख रुपए तक है उन परिवारों की लड़कियों को आधी फीस ही देनी होगी।

विधायक ने कहा कि सरकार द्वारा फिलहाल प्रदेश के बुजुर्गों को 2750 रुपए की राशि वृद्धावस्था सम्मान भत्ता पेंशन के रूप में उपलब्ध करवाई जा रही है । आगामी 1 जनवरी 2024 से बुढ़ापा पेंशन को बढ़ाकर 3000 रुपए मासिक कर दिया गया है। प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने से पहले बुजुर्गों को बुढ़ापा पेंशन के रूप में केवल मात्र 1000 रूपए की राशि मिलती थी लेकिन अब यह बढ़कर 3000 रूपए हो जाएगी।

**सोरखी से महेन्दा गांव तक बनेगी नई सड़क :** विधायक विनोद भयाना ने सोरखी से मेहन्दा गांव तक नई सड़क बनवाने की घोषणा की। यह सड़क हरियाणा राज्य कृषि विपणन द्वारा बोर्ड द्वारा बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि मेहन्दा गांव में तालाब की चार दिवारी बनवाने, खेतों के रास्ते पक्के करवाने व कच्ची गलियों को पक्का करवाने सहित अनेक विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ 58 लाख रुपए की राशि का प्रस्ताव मंजूरी के लिए सरकार को भिजवा दिया गया है। जल्दी सभी विकास कार्यों पर निर्माण कार्य शुरू करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव में एक अतिरिक्त वॉटर टैंक का निर्माण भी करवाया जाएगा तथा ढाणी मेहन्दा गांव में एक जल घर भी बनवाया जाएगा उन्होंने उपस्थित जन समूह को राष्ट्र की एकता एवं अखंडता बनाए रखने की शपथ भी दिलवाई।

**विभिन्न विभागों ने लगाई प्रदर्शनी स्टॉल :** विधायक विनोद भयाना ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शन स्टॉल का अवलोकन किया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे लोगों को तमाम सरकारी योजनाओं तथा सेवाओं की जानकारी उपलब्ध करवाये और पात्र लोगों को इनका लाभ देना सुनिश्चित करें। लोगों ने विभिन्न योजनाओं का लाभ मौके पर ही उपलब्ध करवाया। 3 पात्र बुजुर्गों की बुढ़ापा पेंशन बनाकर उन्हें प्रमाण पत्र भेंट किया गया। अनेक लोगों ने स्वास्थ्य की जांच करवाई । विधायक ने आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग की ओर से वर्ष 2024 का कैलेंडर लोगों में वितरित किए गए। हे अवसर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा की हल्का प्रभारी राम अवतार शर्मा, बी आर सी तेलू राम भारतीय जनता पार्टी के अनेक पदाधिकारी वह दोनों गांव अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# जगदीश देवड़ा को मध्य प्रदेश का उप-मुख्यमन्त्री बनने पर हांसी जीनगर समाज ने बांटे लड्डू



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हांसी, 13 दिसम्बर :** जीनगर समाज हांसी व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने आज स्थानीय बस अड्डा रोड, अमर मार्किट में भाजपा प्रधान अशोक ढालिया के नेतृत्व में जगदीश देवड़ा को मध्य प्रदेश का उप-मुख्यमन्त्री बनाये जाने पर लड्डू बांटकर अपने खुशी की अभिव्यक्ति की। ज्ञात रहे जगदीश देवड़ा जो मध्यप्रदेश की मल्हारगढ़ विधानसभा से विधायक बने है उन्हें भारतीय जनता पार्टी की डॉ. मोहन यादव के मन्त्रीमण्डल में उप-मुख्यमन्त्री पद का दायित्व दिया गया है। देवड़ा सातवी बार विधायक चुने गए है। कार्यकर्ताओं व जीनगर समाज को सम्बोधित करते हुए भाजपा प्रधान एवं जीनगर समाज के राष्ट्रीय प्रचार सचिव अशोक ढालिया ने कहा कि माननीय जगदीश देवड़ा जीनगर समाज से आते है वह मध्य प्रदेश में इतने लोकप्रिय है कि अबकी वह सातवीं बार विधायक बने है। ढालिया ने कहा कि 1 जुलाई 1957 को जन्मे देवड़ा की रूचि समाज सेवा और राजनीति में रही है वह पेशे से वकील रहे है व पार्टी की युवा मोर्चा, जिला महामन्त्री एवं जिला अध्यक्ष पद पर रहे है। इससे पूर्व भी वह कई बार मध्य प्रदेश सरकार में केबिनेट मन्त्री रहे है। ढालिया ने कहा कि आज जहां मल्हारगढ़ के अन्दर खुशी का माहौल है, उसी प्रकार पूरे भारत वर्ष के जीनगर समाज में उत्सव जैसा माहौल है। उनके समर्थक ढोल नगाडो के साथ नारेबाजी कर रहे है एवं जगह-जगह मिठाईयां बांटकर अपनी खुशी प्रकट कर रहे है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य अशोक कनौजिया ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं की पार्टी है व इस पार्टी में कोई भी कार्यकर्ता अपने परिश्रम के बल पर बुलन्दियों को छू सकता है। कनौजिया ने कहा कि जगदीश देवड़ा के उप-मुख्यमन्त्री बनने से यह साबित होता है कि भारतीय जनता पार्टी में कार्यकर्ता की ही कद्र होती है न कि प्रक्रिमा करने वालों की। इस अवसर पर जीनगर समाज हांसी के प्रधान ज्ञानी राम डाबी, दया राम गेहलोत, आशा राम डाबी, बाबू लाल चौहान, चम्पा राम डाबी, मीडिया प्रभारी राजू चायल, उप-प्रधान श्याम डाबी, सूरजभान ढालिया, बनवारी डाबी, विनोद सपड़ा, शीतल सिंगला, ओ.पी. बागोरिया, सोनू जोया, महेन्द्र चौहान, पूर्व प्रधान राजू डाबी, सीता राम चायल, मदन जाटव, पप्पू चायल, माडू ढालिया, नरसी गेहलोत, लेखराज, रवि, दीपक डाबी, विक्की गेहलोत, राधेश्याम डाबी, कमल निर्वाण, पीयूष मित्तल, पवन मोली, कुम्भा चायल, प्रभु डाबी, शम्भु गेहलोत, गिरधारी चायल, बुधराम, देसराज औढ़, पंकज जाटव आदि उपस्थित थे।

# विद्या भारती स्कूल में स्टार प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया व विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 दिसम्बर :** विद्या भारती पब्लिक स्कूल में स्टार बैच ऑफ दा मंथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के छात्रों को स्टार बैच वितरित किए गए। जिनमें लक्ष्य, दिव्या, रक्षा, माही, प्रेरणा, प्रतीक्षा, यशवी, गरिमा, प्रियांशु, मोहित, समृद्धि, दीक्षिका, मानवी, आराध्या, अनन्या, दीपिका, परी, ध्रुव, अंश गुप्ता, मानसी, यशिका, लोकेश, जयंत, भावना, कुमकुम नैंसी, मोहित, रचना, लक्ष्य, वामिनी, पार्थ, ऋतिक, कशिश, साक्षी, मुस्कान, रुद्राक्ष, महक को स्टार बैच दिए गए। स्कूल के निर्देशक श्री के. के. शर्मा, निर्देशिका श्रीमती उषा शर्मा व प्रधानाचार्या श्रीमती गुरप्रीत कौर बेदी ने स्टार अवार्ड पाने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी।






# 17 दिसंबर को आजाद नगर के विश्वास अस्पताल में लगेगा निशुल्क चिकित्सा व नेत्र जांच शिविर

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 दिसम्बर :** स्वास्थ्य की अलख जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे विश्वास मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में 17 दिसंबर को विशाल निशुल्क चिकित्सा व नेत्र जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होने वाले इस शिविर में विश्वास अस्पताल के अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सक निशुल्क जांच करके उचित परामर्श प्रदान करेंगे। इस शिविर में हड्डी रोग, नेत्र रोग, छाती रोग, हृदय रोग, कान, नाक व गला रोग, चर्म रोग, महिला एवं प्रसूति रोग, बाल एवं शिशु रोग और सामान्य रोग सहित विभिन्न बीमारियों की जांच निशुल्क की जाएगी। इसके साथ-साथ ईसीजी व ब्लड शुगर जांच की सेवा भी निशुल्क रहेगी। मरीजों को यथासंभव दवाइयां भी फ्री उपलब्ध करवाई जाएंगी। विश्वास अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी प्रणय अग्रवाल ने बताया कि अस्पताल सामाजिक सरोकारों से जुड़ा हुआ है। इसलिए समय-समय पर निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित करके लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जाता है। इसी कड़ी में आजाद नगर स्थित विश्वास अस्पताल में 17 दिसंबर को हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. तरुण छाबड़ा, सर्जन डॉ. अमेश कुमार रजक, नेत्र सर्जन डॉ. रंजीत सिंह बेनीवाल, छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. पी.के. गुप्ता, सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉ. रोहित दलाल, बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राजीव झा सहित स्त्री एवं प्रसूति रोग व हृदय रोग विशेषज्ञ भी विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

# हिसार व गुरुग्राम स्थित द चाइल्ड - कागिनएबल को मिला एटीएफ अवार्डस- 2023




एटीएफ पुरस्कार कर्नाटक सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री प्रियांक खडगे से अवार्ड लेते हुए।

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 दिसम्बर :** हिसार व गुरूग्राम स्थित द चाइल्ड-कागिनएबल को एटीएफ आवर्डस 2023 की स्थापित स्टार्टअप श्रेणी के तहत मान्यता प्राप्त सहायक प्रौद्योगिकी परिस्थिति तंत्र में उनके अनुकरणीय कार्य के लिए प्रतिष्ठित एसिस टेक फाउंडेशन (एटीफ) आवर्डस 2023 से सम्मानित किया गया। पुरस्कार समारोह बेंगलुरू में हुआ। एटीफ पुरस्कार कर्नाटक सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री प्रियांक खडगे द्वारा दिया गया और इसे द चाइल्ड कागिनएबल के संस्थापक डॉ. हिमांशु खुराना व श्री मनु को. हली ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया। संस्थान ने सहायक प्रौद्योगिकी नवाचारों ने भाग लिया और सबसे प्रभावशाली सहायक प्रौद्योगिकी का पहली बार विजेता बना। द चाइल्ड, मॉडल टाऊन स्थित हिसार के डायरेक्टर डॉ. रविन्द्र सैन ने बताया कि टैक्नॉलोजी बच्चों के अरली डिटक्शन विकासात्मक विलम्ब और उनको डिजिटल इन्टरवैंशन परोवाईड करने के लिए बहुत ही सहायक होगी। यह टेक्नॉलोजी पहले भी इंडिया में और इंडिया से बाहर शुरू की गई है। बच्चे इसका उपयोग करके फायदा उठा रहे हैं।


**Name Change**

I, Manisha W/o Sorabh R/o H. No. 119, Gali No. 1, Ward No. 5, Dev Vatika, Hisar declare that I have changed my name from Manisha to MANISHA MADAAN for all future purpose.

- Deponent

**Name Change**

I, Suresh Kumar S/o Sh. Faquir Chand Mehta R/o H. No. 191, Patel Nagar, 8 Marla Colony, Near Goverment School, Hisar declare that I have changed my name from Suresh Kumar to SURESH KUMAR MEHTA for all future purpose.

- Deponent

**Name Change**

I, DHARMPAL S/O SODAN LAL R/O H.NO. 150, CHANDERLOK COLONY, OPPOSITE BUSTING STATION GANGWA ROAD, NEAR SHRI RAM ALUMINIUM, AZAD NAGAR, HISAR, DISTRICT HISAR, HARYANA, 125001 DECLARE THAT I HAVE CHANGED MY NAME FROM DHARMPAL TO DHARM PAL SONI FOR ALL FUTURE PURPOSE.

- DEPONENT

**Name Change**

I, Sanish S/o Suresh Kumar Mehta R/o H. No. 191, Patel Nagar, 8 Marla Colony, Near Goverment School, Hisar declare that I have changed my name from Sanish to SANISH MEHTA for all future purpose.

- Deponent




**WORK FROM PHONE**

Learn and Earn OR Earn While You Learn Digital Marketing Business Opportunity Any Time Any Where. Most suitable for Students, Employees, Professionals, Retirees etc. If interested, WhatsApp Name, Place :

7027924000

**TO-LET**

Well furnished 24 yards shop at first floor in Silver square Mall Rajguru market Hisar.

Contact

9896395383



पूर्णतया स्वचालित रोबोटिक पद्धति द्वारा जोड़ प्रत्यारोपण
डॉ प्रसून कामरा
MBBS, MS Orthopaedics
M.Ch. (USAIM)
हड्डी रोग विशेषज्ञ
सबसे अधिक जोड़ प्रत्यारोपण का अनुभव
न्यूनतम चीरा
तेजी से रिकवरी
बेहतर सफलता दर
कम दवा का सेवन
उच्च सटीकता
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana
Ayushman Bharat PM-JAY
सर्वेश हेल्थ सिटी में
आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए
हृदय रोगियों में छल्ले डालना (स्टेंट), बाईपास सर्जरी व जोड़ प्रत्यारोपण की कैशलैस सुविधा उपलब्ध
हृदय रोग विशेषज्ञों की अनुभवी टीम
डॉ अभिषेक गुप्ता
MBBS, MD, DM (Cardiology)
हृदय रोग विशेषज्ञ
3000 से अधिक (Procedures) का अनुभव
डॉ कपिल मिनोचा
MBBS, MS, MCh (CTVS)
कार्डियोथोरेसिक व वैसकुलर सर्जन
2000 से अधिक सफल ऑप्रेशन का अनुभव
डॉ दीपशिखा मेनन
MD, FNB, (Cardiac Anaesthesia), FIACTA
कार्डियक एनेस्थिसिया विशेषज्ञा
सर्वेश हेल्थ सिटी
कारुण्येन सह विरोपय
हेल्पलाइन नंबर: 6901 62 62 62
सर्वेश हेल्थ सिटी, सेक्टर-14, सिविल अस्पताल के सामने, हिसार-125001
एमरजेंसी 24X7: 6901 63 63 63

# प्राइवेट अस्पतालों में अब बिल चुकाने पर ही मिलेगा शव

## समय पर करना होगा अंतिम संस्कार, सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन किया तो होगी कार्रवाई

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 13 दिसम्बर :** प्राइवेट अस्पतालों के विरोध के बाद अब अस्पताल का बिल चुकाने के बाद ही शव मिल पाएगा। दरअसल विधेयक (2023)में पैसे नहीं होने पर अस्पताल संचालकों की ओर से शव देने का प्रारूप तैयार किया गया था, लेकिन अब वह क्लॉज हटा दिया गया है। अब हरियाणा में शव रखकर सड़क जाम करने के मामलों को रोकने के लिए गृह विभाग की ओर से मृत शरीर के सम्मान विधेयक पर गृह मंत्री अनिल विज ने हरी झंडी दे दी है। विधेयक के अनुसार राजस्थान की तर्ज पर हरियाणा में सड़क पर शव रखकर जाम लगाने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस पर जुर्माने और जेल का भी प्रावधान है। विधेयक को स्वीकृति के लिए अब मुख्यमंत्री के पास भेजा गया है।

**प्रदेश में सड़क जाम की बढ़ रही घटनाओं को रोकना बताया कारण**

विधेयक को प्रदेश में सडक़ जाम की बढ़ रही घटनाओं को रोकना बताया गया है। विधेयक में कहा गया है कि इससे लागू होने से सार्वजनिक जगहों पर शव के साथ प्रदर्शन करने पर अंकुश लगेगा। हालांकि नेशनल हाईवे जाम करने के खिलाफ पहले से ही सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन है जिसमें पुलिस मुकदमा दर्ज करती है। लेकिन शव रखकर जाम लगाने के अधिकांश मामलों में पुलिस असहाय नजर आती है। इस विधेयक में पड़ोसी राज्य राजस्थान का हवाला दिया गया है जहां पर उक्त कानून के तहत शव रखकर सडक जाम करने पर 2 वर्ष की सजा का प्रावधान है। यही नहीं शव के साथ धरना-प्रदर्शन में शामिल होकर उकसाने वाले राजनेताओं के खिलाफ 5 वर्ष की सजा तय की गई है।

### जानें...विधेयक के प्रावधान

परिजनों को शव का समय पर अंतिम संस्कार करना होगा। यदि वह विभिन्न मांगों को लेकर शव के साथ सडक़ पर प्रदर्शन करते हैं तो एक वर्ष की सजा व जुर्माना लग सकता है। खास बात यह है कि पुलिस की कार्रवाई में प्रदर्शन में शामिल अन्य लोग भी आएंगे जिसमें सामाजिक संगठन व राजनैतिक दल के नेताओं पर भी शिकंजा कसा जाएगा।

### पुलिस के बढ़ेंगे अधिकार

गृह विभाग के अफसरों के अनुसार इस विधेयक को लाने के पीछे की मंशा मृत शरीर की गरिमा को सुनिश्चित करना है। उनका कहना है कि इस विधेयक के प्रभावी होने के बाद विरोध-प्रदर्शन की स्थिति में शव के अंतिम संस्कार करने की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। हालांकि संस्कार करने से पहले पुलिस अफसरों की ओर से परिजनों को राजी किया जाएगा लेकिन यदि ऐसा नहीं होता तो उन्हें संस्कार करने का पूरा अधिकार होगा।

# पंचायती राज संस्थाओं को विकास के लिए दिये जाएंगे तीन हजार करोड़ रुपए : कैबिनेट मंत्री देवेंद्र सिंह बबली

## विकास एवं पंचायत मंत्री ने टोहाना विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांवों में विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 13 दिसम्बर :** हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री देवेन्द्र बबली ने पंचायती राज संस्थानों के प्रतिनिधियों से कहा कि आवंटित किए गए 1100 करोड़ रुपये से विकास कार्य जल्द से जल्द पूरा करे, ताकि उन्हें आगामी विकास राशि आवंटित की जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा ग्राम पंचायतों को 800 करोड़ रुपये, ब्लॉक समितियों को 165 करोड़ रुपये तथा जिला परिषदों को 110 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे, इन आवंटित राशि का खर्च किया जाना आवश्यक है। इस राशि को खर्च किए बिना आगामी किस्त जारी नहीं हो सकेगी। इनके खर्च के बाद प्रदेश सरकार पंचायती राज संस्थाओं को तीन हजार करोड़ रुपये की राशि जारी करेगी।

श्री बबली बुधवार को टोहाना के गांव बिढ़ाई खेड़ा, डाँगरा, मादुवाला, रताखेड़ा, ललोदा, लोहाखेड़ा, कन्हड़ी, भीमेवाला, गाजूवाला, हंसेवाला, चितेन, पारता, सानियाना, पिरथला, ठरवी, ठरवा, फतेहपूरी, चंदडकलां, चन्दडखुर्द, इन्दाछुई, मनघेड़ा और रसूलपुर में 9 करोड़ 21 लाख रुपये की विकास परियोजनाओं के उदघाटन और शिलान्यास करने के उपरांत जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे।



विकास एवं पंचायत मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने ग्रामीण विकास के प्रति प्रतिबद्धता निभाते हुए विकास के लिए 7202 करोड़ रुपये का बजट आवंटन किया हुआ है। वित्त वर्ष 2022-23 में पंचायती राज संस्थाओं को अंतिम तिमाही के लिए 1100 करोड़ रुपये जारी किए गए थे। अब 2023-24 में 3145 करोड़ रुपये की राशि जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य की ग्राम पंचायतों में एक हजार नए पार्कों व व्यायामशालाओं को बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। इसके अलावा एक हजार ग्राम पंचायतों में ई-पुस्तकालय खोलने पर काम जारी है। उन्होंने कहा कि 750 ग्राम पंचायतों में स्ट्रीट लाइट लगाने और 780 महिला संस्कृति केंद्र और 468 उच्च सुविधाओं वाले जिम्नेजियम स्थापित किए जा रहे है। ठोस अशिष्ट प्रबंधन के लिए भी व्यापक समाधान करने के लिए पहले चरण में 1500 ग्राम पंचायतों में मलयुक्त गाद का उचित संग्रह किया जा रहा है। प्रदेश सरकार खंड मुख्यालय जहां कहीं भी 20 किलोमीटर के दायरे में कोई एसटीपी नहीं है। वहां एक मलयुक्त गाद उपचार संयंत्र की स्थापना भी करेगी।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि खेत-खलिहानों के चार करम से कम चौड़े रास्ते जिला परिषदों के माध्यम से पक्के करवाए जा रहे है। जिला परिषद को हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड की सडक़ों की मरम्मत का कार्य भी सौंपा गया है। इसके अलावा, स्वच्छता अभियान के तहत गांवों घर-घर से कचरा उठवा कर डिस्पोज करने, स्ट्रीट लाईट, मिड - डे मिल, बस क्यू शैल्टर जैसे कार्य भी दिए गए है। कैबिनेट मंत्री ने जनप्रतिनिधियों से कहा कि वे जनता के प्रति अपनी जिम्मेवारी समझें और गांव के विकास कार्य पारदर्शिता से करवाएं। उन्होंने कहा कि सरकार ने ई - टेंडरिंग से सरपंचों के हाथ मजबूत किए हैं, इससे विकास कार्यों में पारदर्शिता आई है और कार्य शीघ्रता से पूरे हो रहे है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# युवाओं के उत्थान में खेलों का अहम योगदान : निगमायुक्त प्रदीप दहिया

## निगम कर्मचारी के पुत्र को ब्रांज मेडल प्राप्त होने पर निगमायुक्त ने दी बधाई

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 दिसम्बर :** नगर निगम के कर्मचारी कृष्ण कुमार पुत्र दीपक कुमार को कांस्य पदक प्राप्त होने पर निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने बधाई दी। उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होने कहा कि युवाओं के उत्थान में खेलों का अहम योगदान है। देश का भविष्य हमारे युवा ही हैं। खिलाड़ी दीपक ने 10 से 11 दिसंबर 2023 में चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में 77 किलोग्राम भार वर्ग को ग्रीफो रोमन कुश्ती स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। इस समय खिलाड़ी दीपक हिसार के साई सेंटर में कोच राजेश नांदल, सुनील, सियानंद दहिया, प्रदीप



खारिया व कृष्णा पूनिया की देखरेख में कड़ा अभ्यास कर रहें। खिलाड़ी दीपक द्वारा मेडल प्राप्त करके अपने माता-पिता अपने कोच और अपने गुरुजनों का नाम रोशन किया। उनका सपना अपने देश के लिए ओलंपिक में मेडल लाना है इससे पहले खिलाड़ी दिपक कुमार ने भारतीय कुश्ती संघ द्वारा द्वितीय डब्लयूअफआई ग्रैंड फिक्स जूनियर कुश्ती नेशनल प्रतियोगिता में 72 किलोग्राम भार वर्ग में भाग लेकर ब्रांज मेडल प्राप्त किया। जिसका आयोजन बहादुरगढ़ में हुआ। खिलाड़ी दीपक ने जूनियर नेशनल कुश्ती प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त किया था। जिसका आयोजन नंदिनी नगर उत्तर प्रदेश में किया गया था। इससे पहले रांची झारखंड में नेशनल रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता मैं ब्रोंज मेडल प्राप्त किया और हरियाणा में 72 किलो भार वर्ग ग्रीको रोमन कुश्ती प्रतियोगिता में प्रथम गोल्ड मेडल प्राप्त किया था।

# किसानों की आर्थिक और शारीरिक मजबूती का आधार है स्वस्थ पशुधन : वीरेंद्र चौधरी

## वीरेंद्र चौधरी ने 'स्वस्थ पशुधन, मजबूत किसान अभियान' के तहत नलवा में दो दिवसीय फ्री पशु चैकअप कैम्प का शुभारंभ

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 दिसम्बर :** किसान के लिए अच्छी फसल का होना जितना जरूरी है उतना ही जरूरी उसके पशुधन का स्वस्थ व मजबूत होना है। क्योंकि स्वस्थ पशुधन से प्राप्त उत्पाद किसान को आर्थिक और शारीरिक दोनों तरह की मजबूती प्रदान करते हैं। यह बात जननायक जनता पार्टी के नलवा से पूर्व प्रत्याशी वीरेंद्र चौधरी ने नलवा गांव में आयोजित दो दिवसीय फ्री पशु चैकअप कैम्प में उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कही। वीरेन्द्र चौधरी द्वारा नलवा हलका में शुरू किए गए 'स्वस्थ पशुधन, मजबूत किसान अभियान' के तहत आज पांचवें गांव के रूप में नलवा गांव में दो दिवसीय चैकअप कैम्प का शुभारंभ किया गया। निःशुल्क पशु स्वास्थ्य जांच शिविर में प्रसिद्ध पशु चिकित्सा विशेषज्ञ कर्नल डॉ. देवेंद्र खुल्लर ने वीएलडीए कृष्ण राणा व अन्य टीम के साथ भैंसों, गायों व बकरियों के स्वास्थ्य की जांच करके आवश्यक



दवाइयां दी। कर्नल खुल्लर ने पशुपालकों को पशुओं को दी जाने वाली फीड व पोषक तत्वों के बारे में भी विस्तार से जानकारी प्रदान की। कैम्प के दौरान नलवा राजकीय पशु अस्पताल से वीएलडीए डॉ. निधि, अटेंडेंट ईश्वर सिंह व वीरभान का भी पूर्ण सहयोग रहा। वीरेंद्र चौधरी ने बताया कि दो दिवसीय कैम्प के कल दूसरे दिन डॉ. खुल्लर द्वारा नलवा के पशुपालकों को एक सेमिनार के माध्यम से पशुओं की स्वास्थ्य जांच व प्राथमिक उपचार संबंधी जानकारी प्रदान की जाएगी।

# हुडा ने सैकड़ों अवैध झुग्गियों को हटाकर गरीबों को बेघर किया



हुडा विभाग द्वारा तोड़ी जा रही झुग्गियां, रोड पर बिखरा पड़ा सामान तथा शराती तत्वों द्वारा लगाई गई आग के बाद जलती झुग्गियां।

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 दिसम्बर :** सेक्टर 16-17 में हुडा की जमीन पर बनी अवैध झुग्गी झोपड़ियों को आज भारी पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी मशीन की सहायता से हटा दिया गया। ठंड के समय में गरीबों को बेघर करने की इस कार्रवाई की निंदा भी हो रही है। दूसरी ओर सिटी मजिस्ट्रेट व एस्टेट ऑफिसर राजेश कोथ ने बताया कि निरंतर बढ़ती अवैध झुग्गियों को हटाना बहुत जरूरी हो गया था। इन्हें हटाने के लिए बार-बार नोटिस जारी किए गए थे। एक तो यह जमीन बहुत कीमती है और स्लम से शहर के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ता है। जनता को इसमें सहयोग देना चाहिए। बाद में किसी शरारती तत्व ने कुछ झुग्गियों में आग लगा दी।

# विद्यार्थी हुनरवान बन दूसरों के लिए रोजगार के अवसर करें पैदा : प्रदीप

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 दिसम्बर :** अपने हुनर और कौशल को पहचान कर उसमें निपुणता हासिल कर ही सफलता प्राप्त की जा सकती है । बेरोजगारी का सबसे बड़ा कारण विद्यार्थियों में कौशल ना होना है,आज स्किल का दौर है यदि किसी छात्र में स्किल अथवा कौशल होगा तो वह सफलता प्राप्त कर सकता है। यह बात पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान गंगवा (आरसेटी) के डायरेक्टर प्रदीप कुमार ने श्रीराम आईटीआई में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कही। डायरेक्टर प्रदीप कुमार आरसेटी के तत्वाधान में श्रीराम प्रा. आईटीआई में चल रहे निशुल्क सीसीटीवी कैमरा इंसटालनेशन और रिपेयरिंग का कोर्स का निरीक्षण करने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि यदि समय के अनुसार विद्यार्थियों ने अपने स्किल को नहीं पहचाना तो वो बडी भूल कर रहे हैं,विद्यार्थी मार्किट की मांग के अनुसार अपने आप को हुनरवान बनाए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी केवल सरकारी नौकरियों के पीछे ना भागे अपितु स्वयं को हुनरवान बना कर, दूसरों के लिए रोजगार पैदा करने वाले बनें। उन्होंने कहा कि कोई काम छोटा नहीं होता, किसी भी काम को पूरी तन्मयता और लगन के साथ करने से हर काम में सफलता हासिल की जा सकती है। विद्यार्थी केवल कागजी पढाई पर निर्भर ना रहे अपितु अपने हाथ के हुनर को पहचान कर कुशल और हुनरवान बने।



**युवाओं को कर रहे कुशल**

आरसेटी डायरेक्टर प्रदीप ने बताया कि ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बीपीएल एवं ग्रामीण गरीब परिवारों से बेरोजगार नवयुवक एवं युवतियों तथा स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर स्वरोजगार से जोड़ना है। जिससे वे अपनी इच्छा अनुसार गतिविधियों में प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने पैरों पर खड़े होकर आर्थिक रूप से स्वावलंबी बन सकें। प्रइस दौरान आईटीआई निदेशक सुनील सेन, आरसेटी अनुदेशक चंचल वर्मा राकेश कुमार, सुशीला गोदारा, संदीप बिजारणिया, सचिन ग्रोवर, सुरजमुखी, ज्योति, प्रवीन फूलभाटी सहित स्टाफ सदस्य व प्रशिक्षु मौजूद रहे।

# गौसेवक सुभाष मुनि की पुण्यतिथि पर हवन यज्ञ व भंडारा लगाया

## सुभाष मुनि सच्चे गौ सेवक थे : राजेश हिन्दुस्तानी

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 13 दिसम्बर :** जागो मानव-बनो इंसान संस्था के अध्यक्ष गंगापुत्र राजेश हिन्दुस्तानी ने बताया कि राकेश फौजी और समस्त भारद्वाज परिवार द्वारा गौसेवक सुभाष मुनि की पुण्यतिथि हवन कर मनाई गई तथा पुरानी सब्जी मंडी गौशाला में भंडारा लगाया गया। सुभाष मुनि के कई वर्ष सहयोगी रहे सामाजिक कार्यकर्ता राजेश हिन्दस्तनी ने बताया कि दिसंबर 2019 में सुभाष मुनि के देहांत के बाद हर वर्ष उनके परिजन उनकी पुण्यतिथि पर हवन कर भंडारा लगाते हैं। हिन्दुस्तानी ने कहा कि सुभाष मुनि एक निस्वार्थ और सच्चे गौसेवक थे जिन्होंने गोमाता को राष्ट्रीय प्राणी घोषित करने हेतु देश के कई भागों और हरियाणा के जिलों और देहली जंतर-मंतर पर धरने द्वारा राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपे जिसमें राजेश हिन्दुस्तानी भी उनके साथ रहे। सुभाष मुनि अपने जीवन काल में अयोध्या में श्री राम मंदिर बनता देखना चाहते थे। वे राजेश हिन्दुस्तानी को सच्चा देश सेवक मानते थे और अपना खास सहयोगी बताते थे। सुभाष मुनि हिन्दुस्तानी के शुद्ध पेयजल सत्याग्रह धरने पर उनके लंबे और कठोर संघर्ष की लोगों को मिसाल देते थे कि एक



हिन्दुस्तानी की जिद्द और जुनून ने ही परेशान और सरकार को झुका दिया और असंभव को संभव कराया और गंदे नाले का पानी की जगह नहर कवर करवाकर साफ पानी हरियाणा के लोगों को मिला। हिन्दुस्तानी ने कहा कि मुनि चाहते तो औरों की तहर धन और जमीन संग्रह कर सकते थे पर उन्होंने नहीं किया वे सच्चे अर्थों में मुनि और सन्यासी थे जो अपने परिवार में घर भी नहीं जाते थे। ऐसे सच्चे सेवकों की देश को बेहद जरूरत है।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33-एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33-एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप-सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964-72584
श्याम नागपाल : 92552-73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960-38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।